नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 146 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 31 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -7 पर

नगर पंचायत सरिया स्टाफ और बिलाईगढ़ के प्रशिक्षार्थियों ने ली सामूहिक मतदाता शपथ



पेज -8 पर

निष्टीगुडा में धर्म सभा के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय सोलह प्रहरी नाम यज्ञ






श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश

651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुडे़केला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### 1 अप्रैल को नहीं मिलेगा महतारी वंदन का पैसा

सीएम साय ने कहा वित्तीय वर्ष खत्म हो रहा, बताया कब मिलेगी महिलाओं को राशि



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रुपए हर महीने देने की योजना है। मार्च में ही इसकी शुरूआत हुई। अब आने वाले माह में भी महिलाओं को रकम मिलेगी। इससे पहले सरकार की ओर से कहा गया था कि पैसे 1 अप्रैल को महिलाओं के खाते में आ जाएंगे, मगर अब ऐसा नहीं होगा। महतारी वंदन योजना के रुपए देने की तारीख में जरा बदलाव किया गया है। इसके बारे में खुद मुख्यमंत्री विषणुदेव साय ने जानकारी दी है। शनिवार को ष्टरू साय भाजपा के विजय बूथ अभियान में शामिल हुए। रायपुर के कांदुल इलाके के कार्यक्रम में विष्णुदेव साय ने मंच से महतारी वंदन योजना के बारे में कहा।

सीएम ने कहा कि हमने महतारी वंदन योजना के तहत 1 अप्रैल को महिलाओं को राशि जारी करने का वादा किया था। मगर अब ये 1 अप्रैल को नहीं हो पाएगा। क्योंकि वित्तीय वर्ष खत्म हो रहा है। तो 1 अप्रैल को छुट्टी का दिन होगा, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। इसलिए अब 2 और 3 तारीख को पैसे जारी कर दिए जाएंगे जो महिलाओं के खाते में आ जाएंगे।

#### कांग्रेस पर साधा निशाना

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के कांदुल में भाजपा के राष्ट्व्यापी कार्यक्रम विजय बूथ अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासन में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबका विकास हुआ है.*

बीजेपी मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान

# राजनाथ सिंह अध्यक्ष और निर्मला सीतारमण संयोजक बने

## समिति में 4 राज्यों के सीएम समेत 27 सदस्य

नई दिल्ली । भाजपा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान किया। कमेटी में कुल 27 मेंबर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक होंगी, पीयूष गोयल सह संयोजक बनाए गए हैं।

### भाजपा की 27 सदस्यीय मेनिफेस्टो कमेटी



राजनाथ सिंह अध्यक्ष | निर्मला सीतारमण संयोजक | पीयूष गोयल सह संयोजक

इसके अलावा कमेटी में चार राज्यों के CM भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के CM मोहन यादव, असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय कमेटी का हिस्सा हैं।

कमेटी में अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे और स्मृति ईरानी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

**28 मार्च को बीजेपी ने 12 राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी का ऐलान किया था**

भारतीय जनता पार्टी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के नाम शामिल हैं। कुल 18 नाम हैं। जिनमें 10 प्रभारी और 8 सह-प्रभारियों के नाम शामिल हैं।

दिल्ली से ओ.पी धनखड़ को प्रभारी बनाया गया है। डॉ. अलका गुर्जर को दिल्ली का सह-प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र का प्रभार सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा गया है। साथ ही यहां दो सह-प्रभारी बनाए गए हैं, जिसमें निर्मल कुमार सुराना और जयभान सिंह पवैया के नाम शामिल हैं।

बारामती में ननद-भौजाई के बीच चुनावी मुकाबला

# सुप्रिया सुले के खिलाफ अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार



**मुंबई ।** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबला इस बार बेहद रोचक हो गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बारामती से सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार घोषित किया है। सुनेत्रा पवार एनसीपी (शरद पवार गुट) की उम्मीदवार सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। मालूम हो कि सुनेत्रा पवार अजित पवार की पत्नी हैं। शरद पवार ने पहले ही बारामती सीट से अपनी बेटी और 3 बार की इस सीट से सांसद सुप्रिया सुले को मैदान में उतारने की घोषणा कर दी थी। बारामती को राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के संस्थापक शरद पवार के परिवार का गढ़ माना जाता है। इससे पहले, बारामती सीट से बतौर निर्दलीय मैदान में उतरने की घोषणा करने वाले शिवसेना नेता विजय शिवतारे ने शनिवार को अपना रुख बदल लिया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत पार्टी से जुड़े शिवतारे ने कहा कि वह पुणे जिले की बारामती सीट से चुनाव नहीं लड़ेंगे और इसके बजाय महायुति गठबंधन के प्रत्याशी के लिए प्रचार करेंगे।

# अरुणाचल में चुनाव पूर्व 10 विधानसभा सीटों पर भाजपा जीती

CM खांडू समेत सभी निर्विरोध विजयी, 19 अप्रैल को बची हुई 50 सीटों पर वोटिंग

**ईटानगर । अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों में से 10 में भाजपा को चुनाव से पहले ही जीत मिल गई है। इन 10 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। इनमें CM पेमा खांडू, डिप्टी सीएम चाउना मेन भी शामिल हैं।**



पेमा खांडू ने मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन भरा था। चूंकि किसी और उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया। ऐसे में खांडू को निर्विरोध चुन लिया गया। बाकी 9 सीटों पर भी इसी तरह बीजेपी उम्मीदवारों को जीत मिली। राज्य में 19 अप्रैल को एक फेज में चुनाव होंगे। वहीं रिजल्ट 2 जून को घोषित किया जाएगा। 2016 में भाजपा ने दो सरकारों को अस्थिर किया। सबसे पहले 2016 में पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल को समर्थन देकर कांग्रेस की नबाम तुकी सरकार को गिराया और कालिखो पुल की सरकार बनाई। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

जुलाई 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत कालिखो पुल की सरकार को बर्खास्त कर राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार को बहाल किया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कांग्रेस ने मुख्यमंत्री नबाम तुकी की जगह पेमा खांडू को नया CM बनाया।

# मशहूर बिल्डर्स और बीजेपी नेता के घर आईटी की दबिश

**दुर्ग।** लोकसभा चुनाव के पहले दुर्ग में भाजपा नेता और बिल्डर्स के घर और दफ्तरों में आईटी की टीम ने दबिश दी है। भाजपा नेता के पुलगांव में स्थित अमर इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर आईटी की टीम ने छापामारा है जिसमे आईटी के अधिकारियों की टीम आठ गाड़ियों में 20 से ज्यादा अधिकारी पहुंचे हैं। छापेमारी में कई डिजिटल साक्ष्य के साथ-साथ अहम दस्तावेज भी मिले हैं आईटी की टीम पूछताछ कर रही है।



भाजपा नेता अमर इंफ्रास्ट्रक्चर के संचालक हैं जो प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी सड़क,पुल एवं पुलिया सरकारी टेंडर्स का काम करता है। भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के भाई अलग-अलग फर्म में काम करते हैं। वहीं भाजपा नेता चतुर्भुज राठी 2023 के विधानसभा चुनाव में दुर्ग शहर से भाजपा से टिकट की मांग की थी। लेकिन इस कार्रवाई से शहर में हड़कंप मचा हुआ है।

दुर्ग में भाजपा नेता और मशहूर बिल्डर्स के घर और ऑफिस में आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है.

शहर के पुलगांव में स्थित अमर इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग के 12 से अधिक अधिकारियों ने दबिश दी है. जहां 8 गाड़ियों में 20 से ज्यादा अफसर पहुंचे हैं. मनोज राजपूत जमीन की खरीदी बिक्री करते हैं।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म भी बना चुके हैं मनोज

मनोज राजपूत ने एक छत्तीसगढ़ी फ़िल्म भी बनाई थी. जिसमें वे लीड रोल में थे. वहीं मनोज के ही रिश्तेदारों ने उन पर शादी के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया था.

मिली जानकारी के अनुसार, छापेमारी में कई डिजिटल सबूत के साथ अहम दस्तावेज भी मिले हैं, आईटी की टीम जिसको लेकर पूछताछ कर रही है।

### अमर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुई छापे की कार्रवाई

*अमर इंफ्रास्ट्रक्चर सड़क, पुल और पुलिया सरकारी टेडर्स के काम के लिए जाने जाते हैं, इनमें तीन भाई अलग-अलग तीन फर्म में काम करते हैं. चतुर्भुज राठी अमर इंफ्रास्ट्रक्चर के मालिक हैं, जो बीजेपी से जुड़े हैं.*

*चतुर्भुज राठी दुर्ग शहर विधानसभा से 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी की टिकट भी मांग रहे थे. फिलहाल बीजेपी नेता के यहां छापेमारी से हड़कंप मचा हुआ है।*

वित्त मंत्री ओपी चौधरी बोले - कांग्रेस सरकार ने 152% के रेट में बंदरबांट के लिए घटाई थी जमीन दरें

# कांग्रेस ने किया सरकार के निर्णय का विरोध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में जमीन की गाइडलाइंस रेट पर 30 प्रतिशत की छूट का आदेश वित्तिय वर्ष 2023-24 के साथ 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा है. 2019 में कांग्रेस सरकार ने जमीन की गाइडलाइन रेट में 30% छूट का आदेश दिया था. जिसे हर वित्तिय वर्ष के साथ आदेश जारी कर आगे बढ़ा दिया जाता साथ ही पिछले 5 वर्षों में गाइडलाइंस की दरों में बढ़ोतरी नहीं की गई. वित्त एवं आवास मंत्री ओपी चौधरी ने बताया पिछली सरकार द्वारा ज़मीन के गाइडलाइंस दरों में दी गई छूट 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी . गाइडलाइन दरों में पिछले 5 सालों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई



जिसका नुकसान किसानों को हुआ . 30 प्रतिशत छूट समाप्त होने से अब किसानों को भूमि अधिग्रहण में फायदा होगा साथ ही भू स्वामियों को अब जमीन पर ज्यादा लोन की राशि प्राप्त होगी .वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा की कांग्रेस की सरकार ने 152% रेट में बंदरबांट करने के लिए और अपने चहेतों को ज़मीन देने के लिए गाइडलाइंस दरें घटाई. बीजेपी की सरकार इसे आगे बढ़ने नहीं जा रही।

# नगर निगम में टैक्स जमा करने लोगों की भीड़

## रविवार को भी खुले रहेंगे दफ्तर, देर रात तक चलेगा जमीन रजिस्ट्री का काम

**रायपुर। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में रायपुर नगर निगम के सभी जोन दफ्तर कार्यालय में टैक्स जमा करने वालों की भीड़ लगी हुई है। सुबह से ही लोग टैक्स चुकाने के लिए जोन ऑफिस में पहुंचे हुए हैं।**



शनिवार और रविवार को सरकारी दफ्तरों में छुट्टी रहती है, लेकिन लोगों की सुविधा के लिए ऐसे सरकारी दफ्तर जहां टैक्स जमा होने हैं, वे सभी आज खुले हुए हैं।

रविवार को भी लोगों की सुविधा के लिए ऑफिस खुले रहेंगे। वहीं जमीन की रजिस्ट्री का काम भी लगातार जारी है। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के बावजूद रजिस्ट्री दफ्तर खोला गया था। आज शनिवार और रविवार के लिए भी ऑनलाइन अप्वॉइंटमेंट जारी कर दिए गए हैं।

### निगम ने वसूला 260 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व

रायपुर नगर निगम ने इस साल 250 करोड़ रुपए राजस्व का टारगेट रखा था। वहीं शुक्रवार तक प्रॉपर्टी टैक्स का आंकड़ा 260 करोड़ के पार पहुंच गया है। वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि आज और कल दो दिन में यह आंकड़ा और बढ़ जाएगा। बता दें कि पिछले साल नगर निगम को 223 करोड़ का राजस्व मिला था।

### निगम ने की लोगों से अपील

नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि अतिरिक्त अधिभार से बचने के लिए 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं। विभागीय अफसरों से ये भी कहा गया है कि टैक्स के जो बकाया मामले हैं, उन्हें भी हल कर लिया जाए। इसके लिए बकायादारों से सीधा संपर्क किया जाए।

### 100 से अधिक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी

रायपुर नगर निगम ने टैक्स वसूली करने के लिए शहर के 70 वार्डों में 100 से अधिक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई है। वहीं लोग ऑनलाइन और चॉईस सेंटर के माध्यम से भी अपना टैक्स जमा कर पाएंगे।

### 17% अधिकार के साथ देना होगा टैक्स

रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम में टैक्स जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च है। अगर इसके बाद कोई व्यक्ति टैक्स जमा करेगा, तो उसे 17 प्रतिशत अधिकार के साथ टैक्स राशि का भुगतान करना पड़ेगा।

### ये दफ्तर भी खुले रहेंगे

*शनिवार और रविवार को रायपुर सेंट्रल और स्टेट जीएसटी के साथ ही आयकर विभाग के दफ्तर भी खुले रहेंगे। लोग इन दफ्तरों में जाकर टैक्स संबंधित सभी तरह की जानकारी भी ले सकते हैं। टैक्स का तय लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी दफ्तरों को खुला रखा जाएगा। यही वजह है कि इन दफ्तरों से जुड़े सभी अफसरों और कर्मचारियों की छुट्टी दोनों दिन के लिए रद्द कर दी गई है।*

# जल ही जीवन हैः पानी बचाएं और जल संसाधनों की रक्षा करें

जल ही जीवन है! बचपन में सबसे ज्यादा निबंध जिन विषयों पर लिखने को मिलता, वह विषय था ''जल ही जीवन है''हमने उसे पढ़ा भी और पेज भर-भर लिखा भी तब लगता था बड़े होने पर इस निबंध से आगे निकल जल की समस्या का समाधान हो जाएगा। निबंध लिखते गए और हमारी पीढ़ी बड़ी हो गई लेकिन जल पर लिखा निबंध जल की समस्या का कोई हल न निकाल सका। आज से करीब 20 वर्ष पूर्व पानी की समस्या से दो-चार होने से लेकर एक बाल्टी पानी की कीमत के बारे में व्यक्तिगत तौर पर काफी संघर्ष का अनुभव रहा।

गर्मियों में बुंदेलखंड के ज्यादातर इलाकों पर पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों पर पानी की पहुंच न के बराबर रहती थी। अक्सर रातों को जाग-जाग कर पानी का इंतजार करना होता था। गांव और दूरदराज के इलाकों पर पानी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन को जमीन में ही खोल कर गड्ढों से पानी भरते हुए लोगों का आधा समय व्यतीत होता था।

कभी-कभी पानी के लिए शुरू हुई छोटी-मोटी नोकझोंक कोर्ट-कचहरी तक पहुंच जाती थी। लेकिन पानी पर चर्चाएं बंद न होती थी। हालांकि, बहुत से इलाकों पर पानी की पहुंच आज भी मौजूद नहीं है। लेकिन अब जब उन इलाकों पर जाना होता है तो अक्सर पानी की पहले जैसी समस्या नहीं नजर आती ऐसा लगता है।




**कभी-कभी पानी के लिए शुरू हुई छोटी-मोटी नोकझोंक कोर्ट- कचहरी तक पहुंच जाती थी। लेकिन पानी पर चर्चाएं बंद न होती थी। हालांकि, बहुत से इलाकों पर पानी की पहुंच आज भी मौजूद नहीं है। लेकिन अब जब उन इलाकों पर जाना होता है तो अक्सर पानी की पहले जैसी समस्या नहीं नजर आती ऐसा लगता है।**

पानी की कमी पूरी हो गई है। क्योंकि पहले पानी की कीमत का ज्ञान गांव के हर बड़े बुर्जुग से मिलता ही रहता था। बूंद-बूंद पानी हिसाब लेता है! पानी की बर्बादी पाप समझने वाले वो चन्द अनपढ़ बूढ़े बुर्जुग अब समाप्त हो चुके हैं और ऐसा लगता है जैसे पानी की चिंता भी अपने साथ ही ले जा चुके हों क्योंकि अब उन ऊंचाइयों वाले स्थानों पर पानी को धरती की सतह से घसीट कर हर घर में निकाला जा चुका है। अब जब गर्मी के मौसम में गांव जाना होता है तो पानी की चिंता में डूबा हुआ समाज नहीं दिखाई देता, बल्कि पानी को निकालने के लिए छोटी पाइपों की जगह मोटे बोरिंग के पाइप, बिना बाल्टी के नहाते बच्चे, लोगों को बेतहाशा पानी बर्बाद करते देख लगता है। हमने आने वाली पीढ़ियों की चिंता छोड़ दी है और पानी की कीमत निबन्धों तक सिमट कर रह गई है। हमको कदम-कदम पर पानी का मूल्य बताने वाली पीढ़ी अब विलुप्त हो चुकी है। हम सरकार से सवाल तो करते हैं लेकिन स्वयं को हर सवाल से मुक्त रखते हैं। आंकड़ों की सुने तो 2100 की सदी में 75 प्रतिशत तक ग्लेशियर पिघल जाएगें। उन्हें बचाने की मुहिम कृत्रिम ग्लेशियर बनाने तक की चिंता तक बढ़ चुकी है। ऐसा लगता है हमसे पहले वाली पीढ़ियों में जलवायु परिवर्तन की आहट को बरसों पहले महसूस कर लिया था इसीलिए बूंद-बूंद पानी बचाने की उनकी मुहिम हमारे लिए आज तक पीने के पानी को बनाए हुए है। हम पढ़े-लिखे समझदार डिग्री धारकों ने तो पाताल को भी पानी उगलने के लिए मजबूर कर दिया। अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए ये कैसी दुनिया छोड़कर जा रहे हैं हम जहां हवा-पानी जैसी प्रकृतिक चीजों के लिए जंग जैसे हालात पैदा होने की पूरी-पूरी संभावना है। जल संरक्षण और जल प्रबंधन की जिम्मेदारी केवल सरकार करे, अब यह समय बीत चुका है। इससे पहले युद्ध जैसे हालात बने, पानी को तिजोरियों में कैद करना पड़े, समाज को युद्ध स्तर पर प्रयास की दरकार है। क्योंकि आंकड़ों की जुबानी दस्तक बार-बार दी जा रही है। प्रकृति ने करवट बदलना शुरू कर दिया है। अब जल ही जीवन पर लिखने वाले निबंधों से बात नहीं बनने वाली। बदलाव जमीनी स्तर पर होना चाहिए। भारत वैश्विक जल गुणवत्ता सूचकांक पर 122 देशों में से 120वें स्थान पर आ चुका है। जो सचेत कर रहा है कि दिल्ली ज्यादा दूर नहीं है। पानी मानव अस्तित्व को बनाए रखने में एक प्रमुख संसाधन के तौर पर है। जो ग्रामीण एवं शहरी समुदायों में स्वच्छता के साथ-साथ खेती में, उद्योगों में, तमाम तरह के उत्पादन की प्रक्रिया में आवश्यक है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हम गंभीर संकट के मुहाने पर मौजूद हैं जहां नदियां गंदे नाले में बदलने लगी हैं। भू-जल संकट कई नए समस्याओं को न्योता दे रहा है। मौजूदा समय की बात करें तो भारत में जल उपलब्धता व उपयोग के आंकड़ों की माने तो भारत में वैश्विक ताजे जल का स्त्रोत का मात्र 4 प्रतिशत ही मौजूद है जिससे वैश्विक जनसंख्या के 18 प्रतिशत हिस्से को जल उपलब्ध कराना होता है। नीति आयोग ने वर्ष 2018 में कम्पोज़िट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स रिर्पाट में बताया था कि देश में लगभग 21 प्रमुख शहर जिनमें दिल्ली, बंगलुरू, चेन्नई , हैदराबाद भी शामिल थे वर्ष 2020 तक शून्य भूजल स्तर तक पहुंच जाएेंगे साथ ही इसके कारण लगभग 100 मिलियन लोग प्रभावित होंगे। अभी हाल ही में बेगलुरू से आने वाली खबरें जल संकट के इन्ही खतरों का संकेत दे रहीं हैं। जो आने वाले समय में पूरे भारत के लिए खतरा बनने को तैयार है। इस रिपोर्ट की माने तो वर्ष 2030 तक भारत में जल की मांग उसकी पूर्ति से दोगुनी होने वाली है।

**डॉ. नाज परवीन**

## संपादकीय

### महिलाओं का प्रतिनिधित्व

आगामी संसदीय चुनाव प्रचार अभियान में महिलाएं केंद्रीय भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। हर राजनीतिक दल महिलाओं को लेकर चुनावी वादे कर रहा है जो देश के कुल 96.8 करोड़ मतदाताओं में करीब आधी हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए एक किस्म की होड़ में नजर आए हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जहां महिलाओं पर केंद्रित व्यापक स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत की है, वहीं कांग्रेस ने नारी न्याय योजना की पेशकश की है जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये डाले जाएंगे और केंद्र सरकार की सभी नौकरियों में उन्हें 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। ऐसे बढ़ाचढ़ाकर किए गए वादे किस हद तक पूरे हो सकते हैं यह एक बड़ा सवाल है लेकिन यह देखना विचित्र है कि सभी दल राजनीतिक बयानबाजी में इतने आगे निकल चुके हैं। पिछले वर्ष संसद के विशेष सत्र में 106वां संशोधन अधिनियम पारित होने के बाद यह विषय खासतौर पर विवादास्पद हो गया है। इसे महिला आरक्षण विधेयक के नाम से जाना जाता है जिसके तहत 15 वर्षों तक महिलाओं को संसद में 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है। चूंकि यह प्रावधान परिसीमन के बाद लागू होगा इसलिए सभी राजनीतिक दलों के पास पर्याप्त समय है कि वे इसके लिए अपनी चुनावी सूची तैयार कर सकें। इसके बावजूद राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों पर दिखावा ही करते हैं और इसकी एक बानगी यह है कि किसी प्रमुख राजनीतिक दल ने अपनी पार्टी उम्मीदवारों की सूची में अब तक महिलाओं को समुचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया है।

# कचरा सिर्फ पर्यावरणीय समस्या नहीं, अपनी जीवन शैली में लाना होगा बदलाव

संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर आज यानी 30 मार्च को पूरी दुनिया में शून्य कचरा अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। 14 दिसंबर, 2022 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 30 मार्च को अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में घोषित करने के लिए एक प्रस्ताव अपनाया था। विश्व के बहुत से देशों ने कचरे से निजात पाने का संकल्प लिया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि कचरे की मात्रा कम होने के बजाय निरंतर बढ़ती जा रही है। यदि वर्तमान में उत्पन्न कचरे की मात्रा का आकलन किया जाए, तो वह इतनी ज्यादा है कि पृथ्वी की भूमध्य रेखा की 25 परिधि बन जाए या चंद्रमा तक आने-जाने का सफर पूरा हो जाए। कचरे के पैदा होने और कुप्रबंधन से जल, थल और नभ प्रदूषित होते हैं, नतीजतन मानव सभ्यता पर इसका खतरा बढ़ता जा रहा है। हमारे देश में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कई कदम उठाए गए। लेकिन प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन की दर में वृद्धि ही हुई है। वर्तमान संदर्भ में विभिन्न प्रयासों के माध्यम से कचरा संग्रहण और प्रसंस्करण की दर विगत 10 वर्षों में बढ़ी है, लेकिन अब भी बड़ी आबादी, विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग कचरा प्रबंधन की गतिविधियों से कोसों दूर हैं।



**विभिन्न प्रयासों से पिछले दस वर्षों में कचरा प्रबंधन बेहतर हुआ है, पर अब भी ग्रामीण लोग इन गतिविधियों से कोसों दूर हैं।**

सुदूर ग्रामीण इलाकों तक उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रसार के कारण प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन दर में कई गुना वृद्धि हुई है। पहले यह माना जाता था कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर ही कचरे का निस्तारण हो जाता है, क्योंकि उसमें अधिकांश भाग जैविक कचरे का होता था। लेकिन अब प्लास्टिक, कागज, पैकेजिंग इत्यादि ने आम ग्रामीणों के जीवन में जगह बना ली है, जिससे कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है।

अगले कुछ वर्षों में 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा रखने वाले देश में कचरा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था आवश्यक है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के विकास के साथ प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन में भी वृद्धि होती है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यदि कचरा उत्पादन की यही गति जारी रही, तो वर्ष 2050 तक नियंत्रित एवं अनियंत्रित कचरे की मात्रा वर्ष 2020 की तुलना में दोगुने से भी अधिक हो जाएगी और उसके निष्पादन हेतु आवश्यक संसाधन जुटाना मुश्किल होगा, जिससे आबादी बुरी तरह प्रभावित होगी। कचरे की बढ़ी हुई मात्रा के निस्तारण के लिए भूमि संसाधन भी अपर्याप्त होंगे। ऐसे में एक ही विकल्प बचता है कि प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन को कम किया जाए। दुर्भाग्यवश अभी तक इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। वर्तमान प्रयास कचरा संग्रहण, पृथक्कीकरण एवं निस्तारण तक ही सीमित हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद लगभग दो तिहाई कचरे का वैज्ञानिक रूप से निस्तारण नहीं हो पाता है। खुले में कचरा फेंक देने से जहां प्रदूषण एवं बीमारियां बढ़ने का डर रहता है, वहीं कचरे में आग लगने की घटनाएं भी देखी जाती हैं। कचरा संपूर्ण जैविक संपदा एवं जीवन के लिए अभिशाप है। अनियंत्रित रूप से कचरे के निस्तारण से उनमें उपस्थित विषैले रसायन मिट्टी एवं पानी को अनुपयोगी बना देते हैं।

ऐसे में, जहां कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, वहीं उससे भी ज्यादा जरूरी है इसकी मात्रा को कम करना। यह तभी संभव है, जब हम अपनी जीवन शैली में बदलाव लाएं। केंद्र सरकार ने लाइफ फॉर एनवायरनमेंट मिशन के तहत हर उस पहलू को छूने का प्रयास किया है, जिससे पर्यावरण सम्मत व्यवहार को बढ़ावा मिले।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम एवं अंतरराष्ट्रीय सॉलिड वेस्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल वेस्ट मैनेजमेंट आउटलुक, 2024 में स्थिति की गंभीरता का चित्रण करते हुए विभिन्न स्तरों पर कार्यवाही की आवश्यकता बताई गई है। इसके प्रबंधन को प्रभावी बनाने की जरूरत है। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका कचरा उत्पादक को अदा करनी है, ताकि मात्रा में कमी आए, उसका सही रूप में पृथक्कीकरण हो, जिससे या तो उसका पुनर्चक्रीकरण किया जा सके या पुराने उत्पाद का नए रूप में जीवन-चक्र प्रारंभ करवाया जा सके।

- विवेक एस अग्रवाल

## मिला जुला

### एक नजर

#### मुख्तार की मौत पर तेजस्वी के ट्वीट की बीजेपी ने बताई नीयत




पटना। उत्तर प्रदेश के बाहुबली और माफिया मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में हुई मौत पर अब सियासत शुरू हो गई है। मुख्तार की मौत पर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने ट्वीट किया था। जिस पर अब बीजेपी ने हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी यादव के ट्वीट की नियत क्या है। वो हम सब समझते हैं। अगर किसी को ट्वीट करने का मतलब वोट या तुष्टीकरण है। तो ये ठीक नहीं है। दरअसल गुरूवार को मुख्तार की मौत पर तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि यूपी से पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी के इंतकाल का दु:खद समाचार मिला। परवरदिगार से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें। कुछ दिन पूर्व उन्होंने शिकायत की थी कि उन्हें जेल में जहर दिया गया है फिर भी गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रथम दृष्टया ये न्यायोचित और मानवीय नहीं लगता। संवैधानिक संस्थाओं को ऐसे विचित्र मामलों व घटनाओं पर स्वत- संज्ञान लेना चाहिए। तेजस्वी के इसी ट्वीट को नित्यानंद ने मुस्लिम वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से जोड़ दिया है। और कहा कि तेजस्वी यादव के ट्वीट की नियत क्या है। वो हम सब समझते हैं। अगर किसी को ट्वीट करने का मतलब वोट या तुष्टीकरण है। तो ये ठीक नहीं है। आरजेडी के लोग कभी संवेदन के लिए राजनीति नहीं करते वो सिर्फ वोट बैंक के लिए पॉलिटिक्स करते हैं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उपराष्ट्रपति बोले- न्यायपालिका की ताकत बरकरार

## कहा- जिन्हें लगा वे कानून से ऊपर हैं, अब कानून उनके पीछे है


नई दिल्ली। शराब नीति घोटाले में 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को लेकर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि न्यायपालिका की रीढ़ की हड्डी की ताकत बरकरार है। जिन्हें लगता था कि वे कानून से ऊपर हैं, अब कानून उनके पीछे है।

इसके अलावा 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर उप-राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे ही कानून अपना काम करने लगता है, वैसे ही कुछ लोग सड़कों पर आ जाते हैं। भ्रष्टाचार से अब रोजगार या कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलते। अब भ्रष्टाचार जेल जाने का रास्ता है।

धनखड़ बोले- वे कहते हैं कि चुनाव के समय कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। क्या आप नैतिकता के आधार पर कह सकते हैं कि भ्रष्टाचारियों से इसलिए नहीं निपटा जाना चाहिए, क्योंकि यह त्योहारों का मौसम है या खेती का मौसम है? जो दोषी हैं उन्हें बचाने का कोई मौसम कैसे हो सकता है?

उपराष्ट्रपति ने कहा- भारत के न्यायिक व्यवस्था को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में कानून के लिए सब लोग समान है। समानता नया आदर्श है और जो लोग सोचते हैं कि वे कानून से परे हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जा रहा है। दरअसल, 21 मार्च को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार हुए अरविंद केजरीवाल पर 23 मार्च को सबसे पहले जर्मनी ने बयान दिया था। जर्मनी ने कहा था, 'भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि यहां न्यायालय आजाद है। केजरीवाल के मामले में भी लोकतंत्र के उसूलों का पालन किया जाएगा। उनको बिना रुकावट कानूनी मदद मिलेगी।'

इसके अलावा 26 मार्च को अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर और 28 मार्च को ह्र जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाए थे। इन तीनों के प्रवक्ताओं के बयान पर भारत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था- भारत अपने देश की न्यायिक व्यवस्था में किसी की भी दखलंदाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।



**धनखड़ बोले- भारत को कानून को लेकर किसी से सबक लेने की जरूरत नहीं**

जगदीप धनखड़ ने अमेरिका, जर्मनी और ह्र के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफतारी के मुद्दे पर बयान देने पर कहा कि भारत में मजबूत न्यायिक व्यवस्था है। भारत को कानून को लेकर किसी से सबक लेने की जरूरत नहीं है।

### कमलनाथ के गढ़ में विधायक कमलेश शाह ने छोड़ी कांग्रेस, दामोह, कटनी, छतरपुर से कई नेता बीजेपी में शामिल



**मध्य प्रदेश** में कांग्रेस के खेमे में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस से नेता आए दिन भाजपा का दामन थाम रहे हैं। खासकर कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल हो गए हैं। दमोह कटनी से भी कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों को भाजपा का पट्टा डाल स्वागत कर रहे हैं। बता दें कि पूर्व सीएम कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश प्रताप शाह शुक्रवार को सीएम हाउस पहुंचे। बाद में कमलेश शाह ने भाजपा जॉइन कर ली।

# क्या पीएम मोदी के कहने पर रुकी थी जंग? भारत दौरे पर आए यूक्रेनी विदेश मंत्री ने क्या कहा



**कीव.** भारत दौरे पर आए यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने युद्ध की शुरुआत में भारतीय छात्रों की वापसी पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दखल के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध कुछ समय के लिए रुका था। कुलेबा का यह बयान तब आया है, जब भारत में कई विपक्षी पार्टियों ने बीजेपी के ऐसे ही एक विज्ञापन पर सवाल उठाए थे। उस विज्ञापन में दावा किया गया था कि पीएम मोदी के कहने पर रूस-यूक्रेन युद्ध रोका गया था। कुलेबा ने भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। माना जा रहा है कि कुलेबारूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की मध्यस्थता का प्रस्ताव लेकर नई दिल्ली पहुंचे हैं।

#### कुलेबा ने क्या कहा

यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक इंटरव्यू में कहा कि हम विदेशी छात्रों के जाने के लिए विशेष गलियारों और विशेष प्रकार की खिड़कियों (युद्ध विराम) की व्यवस्था करने में सफल रहे। मैं और हर कोई इसमें शामिल था, जिसमें शीर्ष नेताओं से लेकर (विभिन्न देशों के प्रधानमंत्री), भारत के प्रधानमंत्री और मेरे राष्ट्रपति से लेकर सीमा रक्षक तक शामिल थे।

#### मध्यस्थता चाहता है यूक्रेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिन पहले ही रूसी राष्ट्रपति चुनाव में व्लादिमीर पुतिन को जीत की बधाई दी थी। उसी दिन पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से भी बात की थी। पीएम मोदी ने हर मौके पर युद्ध को छोड़ बातचीत और कूटनीति पर जोर दिया है। यूक्रेन जानता है कि अगर कोई देश पूरी ईमानदारी के साथ रूस पर संघर्षविराम का दबाव बना सकता है तो वह भारत है।

# भाकपा-माले ने जारी की प्रत्याशियों की सूची, बिहार की तीन लोकसभा और एक विधानसभा सीट के लिए घोषणा


**महागठबंधन** के सहयोगी दल भाकपा माले ने लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम का एलान कर दिया। पटना में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल और अन्य वरीय नेताओं ने मिलकर प्रत्याशियों के नाम एलान किया। बिहार की तीन लोकसभा, एक विधायक विधानसभा और झारखंड की एक लोकसभा सीट पर उम्मीदवार के नामों की घोषणा की गई है। चुनाव में आरा से सुदामा प्रसाद, काराकाट से राजाराम सिंह, नालंदा से संदीप सौरभ, झारखंड की कोडरमा सीट से विनोद सिंह तथा अगिआंव (सु.) विधानसभा के हो रहे उपचुनाव में शिवप्रकाश रंजन को उम्मीदवार बनाया गया है। माले ने जिन दो प्रत्याशियों को टिकट दिया वह विधायक हैं। माले के वरीय नेता सुदामा प्रसाद आरा जिले के ही तरारी विधानसभा से विधायक हैं। वहीं नालंदा से प्रत्याशी संदीप सौरभ पालीगंज से विधायक हैं। काराकाट से माले प्रत्याशी राजराम सिंह माले के वरीय नेता हैं। अगिआंव सीट विधायक मनोज मंजिल को हत्या केस में एमपी-एमएलए कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिलने के बाद से खाली है।



# कर्पूरी ठाकुर पर जेडीयू ने लालू को घेरा; पुराना दस्तावेज दिखाया

**पटना।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान से नवाजा। इस मौके पर कर्पूरी के बेटे रामनाथ ठाकुर ने सम्मान ग्रहण किया। और राष्ट्रपति मुर्मू समेत सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा दिया। लेकिन इस मौके पर सियासत जारी रही। जेडीयू ने एक बार फिर लालू यादव पर हमला बोला है। और कहा कि जननायक का अपमान ही लालू यादव का राजनीतिक संस्कार है। जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए एक पुराना दस्तावेज भी दिखाया जिसमें तत्कालीन बिहार विधान सभा उपाध्यक्ष शिव नंदन पासवान और लालू यादव के पत्राचार का जिक्र है। पत्र में लिखा है कि शिव नंदन ने लिखा कि लालू भाई, कर्पूरी जी अभी सदन आने वाले हैं। मुझे ही लाने जाना था। मैं तो नहीं जा सकूंगा। कृपया बुलवा लें। जिस पर लालू यादव ने लिखा कि मेरी जीप में तेल नहीं है। वो तो आवश्यक समझने पर रिक्शे से चले आएंगे। दो बार मुख्यमंत्री रहे गाड़ी क्यों नहीं खरीदते हैं। साथ ही ट्वीट में नीरज कुमार ने लिखा कि झोपड़ी के लाल 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' जी को भारत रत्न। जननायक के प्रति लालू जी का सामाजिक घृणा का यह दस्तावेजी प्रमाण। हिम्मत है तो खंडन करें! जननायक का अपमान करना लालू यादव का राजनीति संस्कार रहा है। जेडीयू के इस हमले का आरजेडी ने भी जवाब दिया है।





# आईटीबीपी के द्वारा स्कूली बच्चों को वितरित की साइकिल

## आईटीबीपी के द्वारा क्षेत्र में चलाये जा रहे हैं लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम

छुईखदान। ब्लाक के बकरकट्टा क्षेत्र बीते कुछ वर्षों से नक्सलवाद का दंश झेल रहा है. और क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में नक्सलवाद की वजह से ग्रामीणों और पुलिस के बीच हमेशा से ही दूरियां बनी रहती है.




इन दूरियों को कम करने के लिए बकरकट्टा में नक्सली मोर्चे पर तैनात आईटीबीपी के सुरक्षा बल के जवान लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटे हुए हैं.

### साइकिल पाकर छात्र छात्राओं के खिले चेहरे

इसी क्रम में आईटीबीपी 40वी वाहिनी बकरकट्टा कैंप के द्वारा सेनानी अनंत नारायण दत्त के दिशा निर्देश मे सहायक सेनानी संतोष सिंह के नेतृत्व में लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है द्य जिसके तहत् ग्राम पंचायत समुंदपानी के स्कूली छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

### सहायक सेनानी ने बच्चों से कहा- मन लगाकर पढ़ें

*ग्राम पंचायत समुंदपानी में वहां के लोगों से उनके घरों में मिलकर विकास कार्यों और आवश्यक संसाधनों के बारे में चर्चा की। बालकों छात्र छात्राओं से मिलकर सहायक सेनानी संतोष सिंह ने उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि बच्चे, खासकर छात्र देश के सफल और सुखद भविष्य के आधारस्तंभ होते हैं।*

*आप न सिर्फ मन लगाकर पढ़ें, बल्कि आगे बढ़कर देश-दुनिया में अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करें। आप अपने संकल्प शक्ति के बल पर जो चाहें, जैसा चाहें, पद और प्रतिष्ठा पा सकते हैं।*

## एक नजर

### 31 अप्रैल से प्रातः 10 से सायं 10 बजे तक खुली रहेंगी मदिरा दुकानें

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले की समस्त मदिरा दुकानों के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार आगामी 01 अप्रैल से जिले की समस्त मदिरा दुकानें प्रातः 10 बजे खुल कर रात्रि 10 बजे तक संचालित की जाएंगी।

### सिविल सर्जन ने मेडिकल बोर्ड मेम्बर को मूल परेशानियों के चेकअप के दिए निर्देश

*मेडिकल चेकअप के लिए मात्र सीजीटी शुल्क देना होगा*
*सकारात्मक पहल पर संयुक्त मोर्चा ने जताया आभार*

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला



संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव ऋषिदेव सिंह ने नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के.सिंह एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आर.सी.ठाकुर से मुलाकात कर निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों के मेडिकल बोर्ड द्वारा की जा रही मेडिकल जांच के संबंध में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन को अवगत कराया कि मेडिकल चेकअप के नाम पर समस्त कर्मचारियों से 516 रूपए लिए जा रहे हैं एवं सभी प्रकार के सूक्ष्मतम जांच किया जा रहा है। उक्त विषय पर डॉ आर.सी.ठाकुर ने बताया कि सभी मेडिकल बोर्ड मेम्बर को कर्मचारियों की वास्तविक परेशानियों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। फीस के संदर्भ में बताया गया कि जीवन दीप में 500 रूपए एवं सीजीटी में 16 रूपए शुल्क के रूप में लिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने कहा कि कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों का मेडिकल जांच कराई जा रही है, इसलिए निःशुल्क जांच की जानी चाहिए इसपर सिविल सर्जन डॉ ठाकुर ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए माननीय कलेक्टर कुणाल दुदावत जी से दूरभाष पर बात की । कलेक्टर महोदय ने जीवन दीप शुल्क को माफ करने एवं छत्तीसगढ़ शासन को देय सीजीटी शुल्क लेकर जांच करने के निर्देश दिए।

निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों को मेडिकल चेकअप के नाम पर सीजीटी शुल्क मात्र 16 रूपए जमा करना होगा। मेडिकल बोर्ड द्वारा कर्मचारियों की परेशानियों के मध्यनजर रिपोर्ट तैयार करने की कार्यवाही की जाएगी । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह सहित संगठन पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर के प्रति सकारात्मक पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव ऋषिदेव सिंह, शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष निर्मल शार्दूल, शिवराज सिंह ठाकुर, अनिल वैद्य, धरम देवांगन, उग्रेश मरकाम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 80 मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद** । लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में मतदान दलों का प्रशिक्षण 31 मार्च से प्रारम्भ होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा जिले में कुल 80 मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है। इन मास्टर ट्रेनर्स के लिए वन प्रशिक्षण शाला महासमुंद में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि मतदान दलों को प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रपत्र 12 क भरवाया जाना है। इसके लिए उन्हें अपना मतदाता परिचय पत्र की फोटो कॉपी तथा चुनाव ड्यूटी आदेश की कापी लाना होगा। प्रशिक्षण कक्ष में सभी को उनके मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अपना नवीनतम भाग संख्या तथा सरल क्रमांक पता कर फ़ार्म में भरना होगा।

इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए मतदान दलों को मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान तथा मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि इस बार मतदान प्रारंभ होने का समय प्रातः 7:00 बजे से है। इसके डेढ़ घंटे पहले अर्थात 5.30 बजे मतदान दलों को मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करना होगा। मॉक पोल में कम से कम 50 वोट डाले जाएंगे। मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारी कंट्रोल यूनिट का क्लोज बटन दबाना बिल्कुल ना भूले। सामग्री वापसी स्थल पर मतपत्र लेखा की दो प्रतियां तथा पीठासीन अधिकारी की डायरी की दो प्रतियां जांच करवाने के बाद ही सामग्री जमा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह दोनों सर्वाधिक महत्वपूर्ण दस्तावेज है अतः इन्हें बहुत ही सावधानीपूर्वक तैयार किया जाना चाहिए।

'भूपेश बघेल के खिलाफ बोलने से मुझ पर हमला हो सकता है'

# कांग्रेस नेता के इस बयान पर अजय चंद्राकर ने साधा निशाना, कहा- कांग्रेस आतंकी संगठन



**रायपुर.** कांग्रेस नेता रामकुमार शुक्ला ने कलेक्टर को चिट्ठी लिखकर अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर वापस करने की मांग की है. उन्होंने खुद पर हमले की आशंका जताई है. इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंने आतंकी संगठन बताया.

अजय चंद्राकर ने कहा कि भूपेश बघेल ने स्वीकार किया है कि कांग्रेस में स्लीपर सेल है. इसका मतलब है कि कांग्रेस एक आतंकी संगठन है. उस आतंकी संगठन से किसी को भी खतरा हो सकता है. रामकुमार शुक्ला के बयान में कहीं भी अतिश्योक्ति नहीं है. कोई भी स्लीपर सेल वाला उनकी हत्या कर सकता है. प्रशासन को इस विषय पर ध्यान देना चाहिए.

### मुझ पर हमला हो सकता है- रामकुमार

दरअसल, कांग्रेस नेता रामकुमार शुक्ला ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर को वापस करने की मांग करते हुए एक पत्र कलेक्टर को लिखा है. उन्होंने लिखा है कि कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ मैंने कुछ बातें कही है. भूपेश बघेल के खिलाफ बोलने से मुझ पर हमला हो सकता है. मेरा लाइसेंसी रिवाल्वर आत्मरक्षा के लिए दिया जाए. चुनाव के कारण मेरा रिवाल्वर इस समय थाने में जमा है.

# निर्वाचन प्रशिक्षण को शिद्दत से सीखें, ताकि मतदान करवाने में न हो कोई दिक्कत - कलेक्टर

पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यक्रम का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर** । निर्वाचन प्रशिक्षण को जितना शिद्दत से सीखेंगे उतना मतदान करवाने में कोई दिक्कत नहीं होगी। पीठासीन अधिकारी अपने डायरी के संबंध में सपूर्ण जानकारी रखें ताकि मतदान के दिन समय-समय पर दी जाने वाली रिपोर्ट में त्रुटि की संभावना नहीं हो और मतदान उपरांत समय पर मतदान सामग्री जमा किया जा सके। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने शहर के विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने पहली बार मतदान करवाने वालों को अच्छे से प्रशिक्षण के बिंदुओं को समझने कहा। साथ ही पूर्व में मतदान करवाने वाले कर्मियों के अनुभवों को बताने के निर्देश दिए। इसके अलावा विधानसभा निर्वाचन के अनुभवों से सीख लेकर बेहतर मतदान कार्य करवाने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगवारी मतदान केंद्रों,युवा मतदान केंद्रों के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान कर्मियों को ईव्हीएम मशीन को बच्चे की तरह संभाल कर रखना है, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आप लोगों की होगी। मतदान करवाने के बाद विभिन्न फॉर्म को बिना त्रुटि के भरकर वापस लाकर समय पर जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि इस बार निर्वाचन में महिला अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका बढ़ाते हुए मतदान करवाने का दायित्व भी दिया गया है। इस प्रशिक्षण में लगभग आठ सौ महिला कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे पूर्व विधानसभा चुनाव में तीनों विधानसभा में पांच-पांच संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे इसके अलावा सम्पूर्ण मतगणना कार्य नारी शक्ति के द्वारा ही बिना त्रुटि के संपन्न करवाया गया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए नारी शक्ति को मतदान कर्मियों के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं प्रशिक्षण प्रभारी सुनील शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं डाकमत पत्र प्रभारी श्री ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम तोकापाल सुब्रत प्रधान, एसडीएम बस्तर एआर राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।






# मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में दी गई कक्षा पांचवी बच्चों को विदाई







**कोण्डागांव।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से संबंध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी में कबड्ड बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि मदन सोनेवरा प्रधानाध्यापक शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ेबेंदरी एवं बी आर तुरकर प्रधान अध्यापक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़े बेंदरी ,कार्यक्रम अध्यक्ष पवन कुमार साहू प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के नेतृत्व में ,कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षिका श्रीमती उत्तरा साहू ,श्रीमती संतोषी पटेल, संकुल समन्वय उमेश भारती, शिक्षक परमानंद पटेल ,धनपत नेताम ,श्रीमती गायत्री ध्रुव, दौलत राम यादव, मान बाई भंडारी, सुप्रिया कांगे तथा कबड्ड बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथियों के करकमलों से दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कक्षा पहली से चौथी तक के छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा पांचवी की छात्रा विनीता नागेश ने कहा कि हमारे सभी शिक्षक ङ्कशिक्षिकाएं हमें बहुत प्यार करते हुए हमेशा कबड्ड बुलबुल के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां कराते हुए समाज सेवा एवं राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते रहे। जो हमारे लिए सदैव अविष्मरणीय रहेगा। हम सभी कक्षा पांचवी के छात्र छात्राएं हमारे शिक्षकों के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रहित के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मदन कुमार सोनेवरा एवं विशिष्ट अतिथि बी आर तुरकर सर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वाद स्वरुप प्रदान करते हुए कहा कि जिस प्रकार आप लोग प्राथमिक शाला मुरारीपारा में कब ङ्कबुलबुल के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किए हैं ऐसे ही अन्य शालाओं में जाकर भी उत्कृष्ट कार्य करते रहेंगे ।तथा अपने व्यवहार के माध्यम से छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य सदैव अच्छी पहचान बना कर रखें। तत्तपश्चत्त प्रधान अध्यापक पवन कुमार साहू, श्रीमती उत्तरा साहू, श्रीमती संतोषी पटेल ने कक्षा पांचवी के छात्र छात्रों को उद्बोधन करते हुए कहा कि आप सभी सदैव सतत प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने शिक्षकों एवं माता-पिता का नाम रोशन करते रहें। संस्था की ओर से विदाई समारोह में शामिल सभी कक्षा पांचवी के बच्चों को गुलदस्ता एवं लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा कक्षा पांचवी के छात्र-छात्राओं ने भी संस्था को स्मृति चिन्ह के रूप में सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा भेंट किया गया।

# बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

## मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश



**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और मतदान केन्द्रों पर निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मतदाताओं के लिए छाया,पेयजल,शौचालय की सुविधा सहित दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक डॉ.गणेशन ने अपने भ्रमण के दौरान ओड़ीसा सीमा पर स्थित धनपूंजी एवं भेजापदर चेक पोस्ट सहित आसना और आड़ावाल चेक पोस्ट का जायजा लिया और यहां तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का जांच कर नकदी,आभूषण एवं शराब के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माध्यमिक शाला नगरनार में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 47- 48, प्राथमिक शाला नगरनार में मतदान केन्द्र क्रमांक 49-50 सहित मतदान केन्द्र क्रमांक 70

### ओड़ीसा सीमा के चेक पोस्ट सहित स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों का लिया जायजा

पंचायत भवन आड़ावाल, मतदान केन्द्र 69 हाईस्कूल आड़ावाल,मतदान केन्द्र 67 माध्यमिक शाला आड़ावाल,मतदान केन्द्र 76 एवं 78 हाईस्कूल केवरामुण्डा, मतदान केन्द्र 74-75 हायर सेकंडरी स्कूल भगतसिंह जगदलपुर,मतदान केन्द्र क्रमांक 146 एवं 148 प्राथमिक शाला भगतसिंह पथरागुड़ा जगदलपुर,मतदान केन्द्र 154-155 प्राथमिक शाला रवींद्रनाथ टैगोर जगदलपुर तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 156 शासकीय कन्या माध्यमिक शाला केवरामुण्डा का निरीक्षण कर मतदाताओं को सुगम मतदान करने हेतु प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को देखा और सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने चेक पोस्ट में वाहनों की जांच सम्बन्धी जानकारी,पंजियों के संधारण इत्यादि का निरीक्षण किया और यहां पर तैनात स्थैतिक निगरानी दलों को सभी वाहनों का सघन जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर,तहसीलदार श्री अंकुर रात्रे,लायजनिंग ऑफिसर श्री शिखर चेरपा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बस्तर लोकसभा के पुलिस प्रेक्षक ने शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन के लिए की कलेक्टर से चर्चा



**कोण्डागांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा हेतु पुलिस प्रेक्षक के रूप में नियुक्त श्री राम किसुन ने जिला कार्यालय में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत के साथ शांतिपूर्ण और सुरक्षित निर्वाचन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की। इसके साथ उन्होंने व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने व्यय अनुवीक्षण हेतु बनाये गए दलों से चर्चा करते हुए प्रत्येक व्यय पर कड़ी निगरानी रखने एवं उड़नदस्ता दलों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

### उड़नदस्ता एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में लगे चेकपोस्टों पर निरन्तर कार्यवाही करने दिए निर्देश

### व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनिटरिंग कार्यों किया निरीक्षण

उन्होंने कलेक्टर कुणाल दुदावत से उड़नदस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर चर्चा करते हुए उनकी स्थिति तथा कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। जहां कलेक्टर द्वारा दलों की गयी कार्यवाहियों की जानकारी दी गयी। पुलिस प्रेक्षक द्वारा मीडिया मॉनिटरिंग हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित केंद्र पहुंच उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सतत निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय कुमार उरांव, एसडीएम निकिता मरकाम, तहसीलदार मनोज रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर, एसएसपी ने विद्यार्थियों से पूछा सवाल, सही उत्तर देने पर की सराहना

## ग्राम चिचोली के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला के अध्ययनरत बच्चों के बीच पहुंचे

रायपुर। शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थी प्रफुल्लित हो उठे जब कलेक्टर एवं एसएसपी को उनके बीच पहुंचे शिक्षक की भूमिका में।







कलेक्टर एवं एसएसपी, खरोरा तहसील के ग्राम चिचोली में मतदान केन्द्रों के निरीक्षण में गये थे। तभी उन्होंने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों को पढ़ाई करते देख वे कक्षा में उनके बीच पहुंचे, पाठ्यक्रम से जुड़े सवाल पूछे, सहीं जवाब देने पर सराहना भी की।

कलेक्टर को बच्चों ने दिनों के नाम, माह का नाम ब्लॉक, ज़िला के अलावा देश प्रदेश के नाम हिन्दी और अंग्रेज़ी में बताये। उन्होंने कक्षा आठवीं के छात्रों से पूछा कि गोलाई और वृत्त में क्या अंतर है। कलेक्टर ने इस संबंध में उन्हें जानकारी भी दी। एसएसपी श्री सिंह ने पूछा कि ग्लोब गोलाई हैं या वृत्त बच्चों ने इसका सही उत्तर दिया। इस पर एसएसपी ने उनकी सराहना की।

# तकनीक विश्वविद्यालय यूटीडी में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू

रायपुर। छग स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट यानी यूटीडी में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी जल्द शुरू होगी। इसमें कुल 60 सीटें रहेंगी।



30 सीट में प्रवेश प्री इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) के माध्यम होगा। जबकि 30 सीटों में में ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिए जाएंगे। इसके अलावा अगले सत्र से इस कैंपस में बी.फार्मेसी की पढ़ाई भी होगी। इसे लेकर विवि से तैयारी की जा रही है।

विवि के अफसरों का कहना है कि विवि यूटीडी में तीन साल पहले बीटेक ऑनर्स कंप्यूटर साइंस विथ एआई और बीटेक ऑनर्स कंप्यूटर साइंस विथ डाटा साइंस की पढ़ाई शुरू हुई। इन दोनों कोर्स में 90-90 सीटें हैं। अब यूटीडी में बीटेक ऑनर्स सिविल की पढ़ाई की योजना है। संभावना है कि अगले सत्र से इसमें एडमिशन भी दिए जाएंगे। बी.फार्मेसी के संबंध में अधिक?ारियों का कहना है कि रायपुर व राजनांदगांव में शासकीय फार्मेसी कॉलेज संचालित है। पहले यह, आयुष विवि से संबद्ध था। पिछले सत्र से इसे सीएसवीटीयू से संबद्ध किया गया है। इन दोनों कॉलेज की कक्षाएं अभी एक साथ रायपुर में लगती है। अब इसे यूटीडी में शिफ्ट किया जाएगा। इसे लेकर तैयारी की जा रही है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले सत्र से यहीं कक्षाएं लगेंगी।

# नगर निगम रायपुर ने की अब तक 260 करोड़ की रिकॉर्ड राजस्व वसूली




**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में वित्तीय वर्ष समापन के अंतिम दो दिवस ही शेष है। नगर निगम ने भवन एव भू-स्वामियों से कहा है अधिभार से बचने सभी करों का भुगतान 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करें।नगर निगम रायपुर ने अब तक 260 करोड रुपये से अधिक की राजस्व वसूली कर ली है। यह आंकड़ा आने वाले दो दिनों में 275 करोड़ रुपये से भी अधिक होने की संभावना हैं।

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस बार देय कर भुगतान के लिए विशेष व्यवस्था की गई ।मोर रायपुर ऐप और नगर निगम की वेबसाइट पर स्वयं से ऑनलाईन भुगतान की सुविधा दी गई।वही 70 से अधिक च्वाइस सेंटर को राजस्व वसूली हेतु अधिकृत किए जाने के साथ ही समस्त जोन के 110 राजस्व निरीक्षकों को इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया ।इसके अलावा सभी जोन में एक सदर काउंटर स्थापित कर भुगतान की प्रक्रिया को अत्यधिक सुगम बनाया गया।

नगर निगम के उपायुक्त (राजस्व) आर के डोंगरे के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में 223 करोड रुपये की राजस्व वसूली हुई थी। वहीं इस वर्ष राशि 260 करोड रुपये की राजस्व वसूली निगम द्वारा की जा चुकी है ।आने वाले दो दिनों में यह आंकड़ा 275 करोड रुपये को पार करने की संभावना है । उन्होंने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रक्रिया से करों के भुगतान को सरलीकृत होने के कारण लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली नगर निगम ने की है।

# कोर्ट परिसर में चकमा देकर कैदी हुआ फरार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस की फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजधानी रायपुर के कोर्ट परिसर में पुलिस की गिरफ्त से एक कैदी फरार हो गया। बताया जाता है कि पुलिस जब कैदी को कोर्ट के लॉकअप से कोर्ट रूम ले जा रही थी तभी कैदी ने पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

इस गंभीर मामले में रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने लापरवाही बरतने वाले दो आरक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

बताया जाता है कि दो महीने पहले ही रायपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के अहमदनगर के रहने वाले प्रदीप आदिनाथ को नशे के कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया था। विचाराधीन कैदी आदिनाथ को रायपुर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। उस दौरान कोर्ट परिसर के लॉकअप में बंद किया गया था। ड्यूटी पर तैनात दो कांस्टेबल डागेश्वर गायकवाड़ और सतपाल साहू उसे पेशी के लिए कोर्ट रूम लेकर जा रहे थे। इसी दौरान शातिर बंदी ने दोनों पुलिस वालों चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने पहले उसकी खोजबीन की, जब पता नहीं चला तो घटना की सूचना थाने में दी। मामले में पुलिस ने फरार बंदी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## अपराध

### घर से बाहर निकलते ही युवक पर हसिया से हमला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने दिनदहाड़े घर के बाहर युवक पर हंसिया और चाकू से हमला कर दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने आरोपित मुकेश निषाद और शकीब पर मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घायल प्रकाश यादव निवासी रामसागरपारा पुरन दाल मिल गली ने पुलिस को बताया कि वह सेलटेक्स आफिस राजभवन के पास में भृत्य का काम करता है। शुक्रवार सुबह 10 बजे आफिस जाने के लिए घर से निकला। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले मुकेश निषाद और शकीब आए और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रकाश ने गाली-गलौच देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपितों ने अपने पास रखे हंसिया से हमला किया। प्रकाश की गर्दन में लग गई। इसके बाद उसने हंसिया को छीन लिया। इसी बीच आरोपितों ने अपने पास रखे चाकू से वार कर दिया, जिससे बाह, पीठ और गले में चोटें आई। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। परिजन तत्काल प्रकाश को पास के निजी अस्पताल में लेकर गए और भर्ती कराया। वहीं पुलिस को सूचना दी गई।



### छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं ओटीएस के आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के व्यवसायियों की सुविधा के लिए ओटीएस के आवेदन छुट्टी के दिन भी लिए जा रहे हैं। इसके तहत 30 और 31 मार्च की शासकीय अवकाश के दिन भी आवेदन लिए जाएंगे। राज्य शासन ने वैट के पुराने बकाया के एकमुश्त निपटारे के लिए छत्तीसगढ़ बकाया कर ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम (ओटीएस) के अंतर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि को सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मार्च माह के अंतिम 3 दिन (29, 30 और 31 मार्च) लगातार शासकीय अवकाश है, इससे कई व्यापारी/करदाता आवेदन करने से वंचित न हो, इसको देखते हुए राज्य कर आयुक्त द्वारा आदेश जारी कर सभी संभाग वृत्त कार्यालयों में कर्मचारियों की ड्यूटि विशेष रूप से ओटीएस के आवेदन प्राप्त करने के लिए लगाई गई है, जिससे शासन की योजना का लाभ लेने किसी बकायेदार को वंचित न होना पड़े।

### युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर** ।आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार लोगों ने एक युवक व उसके दोस्तों के साथ गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीनत बेगम 45 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी फरहान, असलान, गुलशाम और अन्य ने प्रार्थी के लड़का सैयद उस्मान और उसके साथी अहसान, आरिफ, रितिक को पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज कर चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कलेक्टर, एसएसपी ने मध्यान्ह भोजन चखकर जानी गुणवत्ता



**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह ने आज शासकीय प्राथमिक शाला एवं आँगन बाड़ी केंद्र चिचोली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत चिचोली के शासकीय प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन खाकर मीड डे मील में मिलने वाले भोजन गुणवत्ता जाँची। आंगनबाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूरक पोषण आहार एवं नाश्तें की जानकारी ली। इस दौरान तिल्दा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री प्रकाश टण्डन तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकसभा निर्वाचन-2024

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

## भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उल्लेखित है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान का समय निर्धारित

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत द्वितीय चरण में राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। राजनांदगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मोहला-मानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

इसी प्रकार महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, राजिम, कुरूद और धमतरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। महासमुंद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 9 मतदान केन्द्रों के लिए प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष मतदान केन्द्रों के लिए मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।

कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिहावा, संजारी बालोद, डोंडीलोहारा, गुण्डरदेही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। कांकेर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने जप्त किए लाखों रुपये

**रायपुर।** अपराधों की रोकथाम और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा और कानून व्यवस्था को देखते हुए रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में सभी वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

इसी क्रम में थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत मौदहापारा पुलिस की ओर से मरही माता मंदिर के सामने सरप्राइस चेकिंग की जा रही थी।

## सरप्राइस चेकिंग के दौरान जब्त की रुपये



इसी दौरान बाइक सवार दो व्यक्तियों की चेकिंग करने पर नगदी रकम रखा होना पाया गया। पुलिस न जब रकम के संबंध में पूछताछ की और परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसने नगदी रकम के संबंध मे वैध पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। साथ ही पुलिस को गोल-मटोल जवाब देकर गुमराह किया जा रहा था।

## पुलिस ने जब्त की नगदी रकम

इस दौरान पुलिस ने व्यक्ति के कब्जे से नगदी रकम आठ लाख 50 हजार रुपये जब्त किए। थाना मौदहापारा में जब्त कर अग्रिम कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से गठित कमेटी में भेजा गया है।

# रायपुर में पारा 40 डिग्री के पार

## तपती गर्मी के बीच IMD ने दी अच्छी खबर, 24 घंटे में बदलेगा मौसम, मिलेगी राहत

**रायपुर।** पहले महीने में और परेशान करेगी। इस दौरान शहर में लोगों को गर्म हवा के थपेड़े भी सहने पड़ेंगे। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम से आने वाली गर्म हवा के प्रभाव से गर्मी लगातार बढ़ रही है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि मौसम बदल सकता है। अगले 24 घंटे में कुछ स्थानों पर अंधड़, बारिश की संभावना है। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी।

शुक्रवार को राजधानी में आसमान साफ था। दिन में तेज धूप के साथ उमस थी। रायपुर और राजनांदगांव का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ में 41.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान रायपुर में 40.1, माना में 40.2, बिलासपुर में 38.8, पेण्ड्रा रोड में 38.2, अंबिकापुर में 37.9, जगदलपुर में 39.1, दुर्ग में 38.8 और राजनांदगांव में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## दोपहर बाद बिना किसी सुरक्षा के बाहर निकलना मुश्किल



पिछले दिनों से गर्मी अपना तेज असर दिखा रही है, जिसकी वजह से अब दोपहर बाद बिना किसी सुरक्षा के बाहर निकलना मुश्किल होने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर समेत राज्य के अन?य शहरों में रात और दिन का तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। मौसम केंद्र रायपुर के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण, दक्षिण पश्चिम मध्यप्रदेश और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है, जिसकी ऊंचाई 0.9 किलोमीटर तक है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। रायपुर में शनिवार को हल्के बादल रहने की संभावना है। प्रदेश में अगले तीन दिन अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान 39-41 डिग्री सेल्सियस होगा।

## फिल्म चमकीला का ट्रेलर जारी

### अमर सिंह चमकीला के किरदार में खूब जंचे दिलजीत दोसांझ




इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म अमर सिंह चमकीला पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक है।इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब इम्तियाज ने अमर सिंह चमकीला का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे दर्शकों का प्यार मिल रहा है।चमकीला के किरदार में दिलजीत जंच रहे हैं। परिणीति फिल्म में चमकीला की पत्नी अमरजोत बनी हैं। अमर सिंह चमकीला सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म को आप 12 अप्रैल से देख सकते हैं।



## दंगल गर्ल फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड में पूरे किए 8 साल

2016 में आमिर खान स्टारर दंगल से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में आठ साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर में लूडो, अजीब दास्तां, थार, धक धक और सैम बहादुर जैसी शानदार फिल्में की हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्हें इंडस्ट्री में काम करने का मौका मिला।

अपनी एक्टिंग जर्नी के बारे में बात करते हुए फातिमा ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। बहुत से लोगों के लिए इंडस्ट्री में आना अभी भी सपना बना हुआ हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे यह अवसर मिला। मैंने ऑडिशन दिया और मेरी कड़ी मेहनत रंग लाई, मुझे कई शानदार फिल्में मिलीं।

चाहे दंगल की गीता फोगाट हो या सैम बहादुर में शशि कुमार यादव, या फिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका, फातिमा ने हमेशा स्क्रीन पर सशक्त महिलाओं का किरदार बेहतरीन तरीके से निभाया है। एक्ट्रेस ने कहा, ऐसे किरदार मुझे उत्साहित करते हैं। मैं किरदारों के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहती हूं। एक्सप्लोर करना चाहती हूं लेकिन अगर मैं किसी रोल या करेक्टर या ग्राफ के बारे में एक्साइटिड नहीं हूं तो मैं उस पर बिल्कुल भी समय खर्च नहीं करती। एक्ट्रेस जल्द ही मेट्रो..इन दिनों और उल जलूल इश्क में नजर आएंगी।

## बोल्डनेस छोड़ सिंपल लुक में नजर आईं नोरा फतेही

बी-टाउन की फेमस एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही हमेशा अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका सादगी भरा अंदाज देखकर फैंस का एक बार फिर से दिल मचल गया है। साथ ही उनकी तस्वीरों पर से लो नजरें भी नहीं हटा पा रहे हैं।

नोरा फतेही अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने डांस को लेकर मशहूर हैं। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही चंद मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट सिंपल लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। नोरा फतेही ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर का फ्लोरल सूट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टनिंग और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर को वेवी स्टाइल लुक देकर, कानों में छोटे इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नोरा फतेही सेशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग लिस्ट है। एक्ट्रेस नोरा फतेही को हर बार बोल्ड लुक में देखा जाता है लेकिन इस बार एक्ट्रेस को एथनिक लुक में देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। नोरा फतेही की इन फोटोज पर एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- नामुमकिन...असंभव तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा क्या खूब लगती हो।



## फिल्म ओजी से सामने आया इमरान हाशमी का फर्स्ट लुक, टाइगर 3 के बाद फिर विलेन बनेंगे एक्टर




बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर इमरान हाशमी अपनी सीरियल किसर वाली इमेज के साथ इमरान ने खूब पॉपुलैरिटी बटोरी. कभी एक्टर बनने की चाह ना रखने वाले इमरान आज ना सिर्फ बॉलीवुड में छाए हैं बल्कि साउथ की फिल्मों में भी छाने वाले हैं. इमरान हाशमी की आने वाली तेलुगु फिल्म दे कॉल हिम ओजी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा. इस फिल्म में इमरान हाशमी विलेन का किरदार निभा सकते हैं. फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है. इमरान हाशमी ने फिल्म दे कॉल हिम ओजी से अपना लुक शेयर किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा, गंभीरा, सुना है तू बंबई आ रहा है. वादा करता हूं, हम दोनों में से किसी एक का सिर जरूर कटेगा. इसके साथ ही इमरान ने पवन कल्याण को टैग भी किया है क्योंकि फिल्म में पवन कल्याण लीड एक्टर हैं.

सुजीत के निर्देशन में बन रही फिल्म दे कॉल हिम ओजी में पवन कल्याण अहम रोल निभाते नजर आएंगे. वहीं इमरान हाशमी के लुक को देखकर लगता है कि वे इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे. फिल्म ओजी 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी और फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. बॉलीवुड में सीरियल किसर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले इमरान हाशमी ने पिछले कुछ सालों में अपनी इमेज बदली है।

## मडगांव एक्सप्रेस ने वसूल ली आधी से ज्यादा लागत, 6ठे दिन भी करोड़ो में हुई कमाई




कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म, 'मडगांव एक्सप्रेस', 22 मार्च को रिलीज़ हुई थी. कॉमेडी-ड्रामा फिल्म अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों के दिलों को छू गई है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू फिल्में हैं. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ओपनिंग की थी और इसके बाद इसने टिकट खिड़की पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली. सिनेमाघरों में मौजूद तमाम ले फिल्मों के बीच 'मडगांव एक्सप्रेस' करोड़ो में कमाई कर रही. चलिए यहां जानते हैं कुणाल खेमू की फिल्म ने रिलीज के 6ठे दिन कितना कलेक्शन किया है? कॉमेडी, ट्विस्ट और मजेदार कंटेंटे वाली 'मडगांव एक्सप्रेस' एंटरटेनमेंट का फुल पैकेज साबित हो रही है. इसी के साथ फिल्म को वीकेंड ही नहीं बल्कि वीकडेज में भी खूब ऑडियंस मिल रही है।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान का गाना टीम इंडिया हैं हम रिलीज, मन में उत्साह भर देगा एआर रहमान का ये गीत




इंटरनेशनल संगीतकार एआर रहमान ने आने वाली स्पोर्ट्स बायोपिक मैदान के लेटेस्ट ट्रैक को आउट किया. अजय देवगन-स्टारर के नए गाने का नाम टीम इंडिया है. मैदान भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रतिष्ठित कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर इंस्पायर्ड है. फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं. एक इवेंट में, एआर रहमान ने नया गाना पेश किया और इसे देशभक्ति की भावना जगाने वाला एक उत्साहजनक खेल गान बताया.

रहमान ने शेयर किया कि फिल्म और उनके गीत ने फुटबॉल के सार और देवगन द्वारा निभाए गए किरदार का सम्मान किया है. उन्होंने मेंशन किया कि गीत को अंतिम रूप देने में चार प्रयास लगे, जबकि पिछले गीतों को कोविड के दौरान बनाया गया था.

रहमान ने यह भी कहा कि बोनी कपूर द्वारा निर्मित फिल्म मैदान सिर्फ एक स्पोर्ट्स फिल्म से कहीं अधिक है, क्योंकि इसमें मानवता और रोमांस के तत्व शामिल हैं, जिसमें प्रियामणि सैयद अब्दुल रहीम की पत्नी की उल्लेखनीय भूमिका में हैं. लंबे समय से प्रतीक्षित स्पोर्ट्स ड्रामा 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें देवगन, प्रियामणि, गजराज राव और रुद्रनील घोष मुख्य भूमिका में हैं. शुरुआत में, कीर्ति सुरेश को देवगन के अपोजिट भूमिका निभाने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन प्रियामणि ने रूना की भूमिका संभाली.

सच्ची कहानी पर बेस्ड, मैदान अमित रविंदरनाथ शर्मा द्वारा निर्देशित है, और इसमें बंगाली अभिनेता रुद्रनील घोष के साथ प्रियामणि और गजराज राव भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# खेल




## IPL-2024 में कोलकाता की लगातार दूसरी जीतः बेंगलुरु को 7 विकेट से हराया

### सीजन में पहली बार हारी होम-टीम; वेंकटेश की 8वीं फिफ्टी

बेंगलुरु। कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 (IPL) के 10वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को 7 विकेट से हराया। मौजूदा सीजन में होस्ट टीम को पहली बार हार झेलनी पड़ी है। इससे पहले, 9 मैच मेजबानों ने ही जीते हैं। यह कोलकाता की लगातार दूसरी जीत है, जबकि बेंगलुरु दूसरा मैच हारी है।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को कोलकाता ने 183 रन का टारगेट 16.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर 39 और रिंकू सिंह 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। वेंकटेश अय्यर ने 50, सुनील नरेन ने 47 और फिल सॉल्ट ने 30 रन की आक्रामक पारियां खेलीं। यश दयाल, मयंक डागर और विजयकुमार वैशाख को एक-एक विकेट मिला।

RCB ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन का स्कोर बनाया। विराट कोहली ने 59 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और 4 छक्के मारे। कोहली ने लीग में 52वीं फिफ्टी जमाई। कैमरन ग्रीन ने 33 और ग्लेन मैक्सवेल ने 28 रन का योगदान दिया। आंद्रे रसेल और हर्षित राणा को 2-2 विकेट मिले। सुनील नरेल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 22 बॉल पर 47 रन की आतिशी पारी खेली और एक विकेट भी हासिल किया। इस जीत के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के दूसरे नंबर पर आ गई है। टीम के खाते में दो मैच के बाद 4 अंक हैं। टेबल के टॉप पर चेन्नई और तीसरे नंबर पर राजस्थान है। इन दोनों ने भी 4-4 अंक हासिल कर लिए हैं।




### मैच के रोचक फैक्ट

*कोलकाता के सुनील नरेन ने 500वां टी-20 मैच खेला। वे 3783 रन बना चुके हैं और 537 विकेट ले चुके हैं।*

*बेंगलुरु की टीम कोलकाता से अपने होम ग्राउंड पर पिछले आठ साल से जीत नहीं सकी है। RCB को आखिरी जीत 2015 में मिली थी। सुनील नरेन ने 11 IPL पारियों के बाद 10 रन का आंकड़ा पार किया है। उन्होंने 22 बॉल पर 47 रन की विस्फोटक पारी खेली।*

## बाबर फिर बन सकते हैं पाकिस्तान टीम के वाइट-बॉल कप्तानःबोर्ड ने प्रस्ताव दिया



बाबर आजम फिर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वाइट-बॉल के कप्तान बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बाबर को एक बार फिर वाइट-बॉल की कप्तानी की पेशकश की गई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस सप्ताह की शुरुआत में यह पेशकश करने के लिए बाबर से मुलाकात की थी। बाबर ने अभी तक यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद ही बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद टेस्ट का कप्तान शान मसूद को और टी-20 फॉर्मेट का कप्तान शाहीन अफरीदी को बनाया गया।

बाबर ने अब तक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने PCB से कहा है कि अगर उन्हें वापसी पर विचार करना है तो उन्हें तीनों फॉर्मेट में कप्तान नियुक्त किया जाए। बाबर के कप्तानी छोड़ने के बाद तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को नया टी-20 कप्तान बनाया गया था। टेस्ट में बैटर शान मसूद को कप्तानी सौंपी गई, वहीं वनडे में अभी तक नए कप्तान की घोषणा नहीं हुई है।

शाहीन अफरीदी की कप्तानी में टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, शान मसूद की कप्तानी में पाकिस्तान टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 से हार झेलनी पड़ी थी।

## 500वें टी-20 में प्लेयर ऑफ द मैच बने नरेन

### विराट RCB से सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर, गेल को पीछे छोड़ा

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के 10वें मैच में 17वें सीजन का अहम रिकॉर्ड टूटा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 7 विकेट से हरा दिया। इससे पहले हुए 9 मैच में होम टीमों ने ही जीत दर्ज की थी। प्लेयर ऑफ द मैच रहे सुनील नरेन ने अपने टी-20 करियर का 500वां मैच खेला। RCB के विराट कोहली ने IPL में 52वीं फिफ्टी लगाई, इस पारी में 4 सिक्स शामिल रहे। इसी के साथ वह IPL में एक टीम से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा।

### 1. 500 टी-20 खेलने वाले चौथे प्लेयर बने नरेन




कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर सुनील नरेन ने शुक्रवार को अपने टी-20 करियर का 500वां मैच खेला। वह ऐसा करने वाले चौथे ही प्लेयर बने। उनसे पहले वेस्टइंडीज के ही कायरन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो यह कारनामा कर चुके हैं। वहीं पाकिस्तान के शोएब मलिक भी टी-20 करियर में 542 मैच खेल चुके हैं। नरेन ने अपने 500वें मैच को स्पेशल बनाया और प्लेयर ऑफ द मैच भी बने। उन्होंने एक विकेट लेने के साथ 22 बॉल पर 47 रन भी बनाए। उन्होंने 5 सिक्स लगाए, इसी के साथ उनके RCB के खिलाफ 20 IPL सिक्स भी पूरे हो गए।

### एक नजर

## हीरो इंडियन ओपन में टॉप-15 में तीन भारतीय

**गुरुग्राम ।** हीरो इंडियन ओपन में नियमित रूप से भाग लेने वाले नीदरलैंड के जोस्ट लुइटेन ने 7-अंडर 65 का स्कोर किया और फिर डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में संयुक्त बढ़त बना ली।



लुइटेन डीपी वर्ल्ड टूर पर छह बार के विजेता हैं, लेकिन 2018 के बाद से टूर पर विजेता नहीं रहे हैं। पहले दौर के अंत में, संयुक्त लीडर्स में जापान की अविश्वसनीय युवा प्रतिभा, कीता नकाजिमा और नीदरलैंड के माटेओ मनासेरो शामिल हैं।

इसके बाद 2009 में एक और पूर्व विश्व नंबर 1 शौकिया मनासेरो, जो 2012 तक यूरोप में तीन बार जीतने वाले पहले किशोर बन गए। फिर इस महीने की शुरुआत तक उन्हें जीत नहीं मिली. उनके बोगी-मुक्त 65 ने संकेत दिया कि उनका पुनरुत्थान जारी है।4-अंडर और संयुक्त-14 के समूह में तीन भारतीय शामिल हैं - अमन राज और ओम प्रकाश चौहान, जिनके पास इस कोर्स में अपने सर्वश्रेष्ठ कार्ड थे, और करणदीप कोचर, जो बाद में उनके साथ शामिल हुए।शीर्ष क्रम के भारतीय शुभंकर शर्मा ने बोगी के साथ शुरुआत की, लेकिन सर्दी और हल्के शरीर दर्द के बावजूद, उन्होंने 2-अंडर 70 का स्कोर पूरा किया और गगनजीत भुल्लर की तरह संयुक्त -34 पर हैं। शर्मा और भुल्लर भारत से पेरिस ओलंपिक के लिए दौड़ में सबसे आगे हैं।2015 के पूर्व विजेता अनिर्बान लाहिड़ी के लिए 5 ओवर भूलने लायक रहे, जिसमें 13वें होल, दिन का उनका चौथा होल और नौवां, जो उनका समापन होल था, में बर्डी को छोड़कर खुशी के बहुत कम क्षण थे। वह संयुक्त -127वें स्थान पर हैं और दूसरे दौर में जल्दी बाहर होने की कगार पर हैं।

## एमएस धोनी के क्विक-रिफ्लेक्स डाइविंग कैच से हैरान रह गए स्टीव स्मिथ

**चेन्नई ।** हालांकि सीएसके की पारी पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी के खेले बिना समाप्त हो गई, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच के दौरान विजय शंकर के एक सनसनीखेज डाइविंग कैच के साथ प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया। धोनी ने स्टंप के पीछे शानदार डाइविंग पकड़ के साथ अपनी त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे घरेलू दर्शक खुशी से झूम उठे। स्टंप के पीछे धोनी के शानदार प्रयास ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आश्चर्यचकित कर दिया और ऑस्ट्रेलियाई ने 42 वर्षीय की विकेटकीपिंग क्षमता की सराहना की। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो में कहा, हाँ, घड़ी को पीछे घुमाया, है ना? बस वहां एक गोता लगाया, यह 2.27 मीटर था, यह कवरेज पर आया, यह एक शानदार कैच था। वह थोड़ा करीब खड़ा था क्योंकि डैरिल मिशेल सबसे तेज़ गेंदबाज़ नहीं है, इसलिए वह अच्छा और चुस्त था, उसके पास प्रतिक्रिया करने के लिए बहुत अधिक समय नहीं था, लेकिन उसकी प्रतिक्रियाएँ निश्चित रूप से अभी भी हैं, है ना? ग्राउंड को अच्छी तरह से कवर किया और कैच बस उस दाहिने हाथ में फंस गया।



# तपती धूप के लू से बचने सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

**ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना हैए जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है।**

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों में जाकर महुआ संकलन का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं लेते इस कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लू से बचाव एवं उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओ.आर.एस की उपलब्धता



सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है और मैदानी स्वास्थ्य अमलों और मितानिनों के माध्यम से लू लगने के लक्षण के कारण और बचाव के उपायों के संबंध में स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर ओआरएस न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओआरएस और दवाईयां लेकर प्राथमिक उपचार के पश्चात निकट के स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लू लगना या हीट स्ट्रोक, खतरनाक एवं जानलेवा भी हो सकता है।

### लू के लक्षण

सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना भूख न लगना बेहोश होना।

### लू से बचने के उपाय

धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान मुलायम सूती कपड़े पहने ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पिये। चक्कर, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें। शीतल पेय जल पिये, फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श ले। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह ले।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जायें, आंगनबाड़ी मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

### क्या करें भीषण गर्मी में लू से

*पानी पीये भले ही प्यास न लगेए मिर्गी या हृदय, गुर्दे या लीवर से संभावित रोग वाले जो तरल प्रतिबंधित आहार लेते हो या जिनको द्रव्य प्रतिधारण की समस्या है, उनको तरल सेवन बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे. लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें।*

# तीन दिसवीय सूर्यवंशी पर्वतदान स्मृति महोत्सव दूसरा दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न

## सूर्यवंशी पर्वत दान स्मृति महोत्सव में कला एवं प्रतिभा सम्मान









जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

सूर्यवंशी समाज के सहयोग से स्वराज कला मंच द्वारा विगत वर्षों के भारतीय इस वर्ष भी सूर्यवंशी पर्वत दान स्मृति महोत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के द्वितीय दिन में मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप लहरिया विधायक मस्तूरी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के प्रतिभा सम्मान के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले कुमारी पायल पलक प्रभात एवं अर्चना पारकर को सम्मानित किया गया तथा समाज के उत्कृष्ट कार्यक्रम कराने वालों का सम्मान के लिए हेमंत सूर्यवंशी रानी सूर्यवंशी बिहारी रोशन लहरे को सम्मानित किया गया।संध्या कालीन रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम के साथ दूसरा दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में उपस्थित श्याम कार्तिक भगत दर्वे रामरतन भारद्वाज नंदकुमार देव कुमार शगुन बनर्जी नीलकमल दूजराम गुडावन ईश्वर राजू धर्मेंद्र लश्कर सहित सूर्यवंशी समाज का सहयोग सराहनीय योगदान रहा इसकी जानकारी कार्यक्रम के संचालक रामायण सूर्यवंशी ने दिया।

# एआरओ वासु जैन और नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने प्रशिक्षण का अवलोकन किया

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

आईएएस वासु जैन सहायक रिटर्निंग अधिकारी और नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम हरिशंकर चौहान ने सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोडम में संचालित लोकसभा चुनाव 2024 प्रशिक्षण का अवलोकन किया। जैन ने इस अवसर पर प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों से पूछा कि कब तीनों पाट्‌र्स बीयूए सीयू और वीवीपेट को जोड़ा जाता है। निर्वाचन में ईवीएम खराब होने पर उसके स्थान पर दूसरा ईवीएम मशीन बदलने के लिए क्या प्रक्रिया किया जाना है। मॉकपोल की क्या प्रक्रिया है। प्रशिक्षण दल के द्वारा एक एक करके जैन के प्रश्नों का जवाब दिया गया। नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान



ने कहा कि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका समाधान मास्टर ट्रेनर से कर लें।

इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी, जे आर बंजारे, एस आर अजय, टी पी चंद्रा, विधानसभा मास्टर ट्रेनर विजय महिलाने, देवनाथ महेश आदि उपस्थित थे। प्रशिक्षण में ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट का प्रायोगिक प्रशिक्षण, मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान सामाग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक परिवहन के दौरान सावधानी बरतने, मतदान केन्द्र में ईव्हीएम व वीवीपैट को रखने, मॉकपोल, निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भरकर लिफ ाफ ा में सुरक्षित रखने, मतदान पश्चात मशीन व दस्तावेजों को जमा करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



## एक नजर

### इंटक के महामंत्री, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष समेत अनेक कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल

**कोरबा** । वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में शुक्रवार को इंटक के महामंत्री और कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश देवांगन, कांग्रेसी नेता व सतगढ़ तंवर समाज के अध्यक्ष कुंवर राजवर्धन सिंह समेत अधिक संख्या भाजपा में शामिल हुए।

शुक्रवार को टी.पी.नगर स्थित आशीर्वाद भवन में भाजपा की विधानसभा प्रबंधन और कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी । बैठक में विशेष तौर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, वित्तमंत्री ओ.पी. चैधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन वरिष्ठ विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, प्रेमचंद पटेल , संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष डा राजीव सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपरोक्त बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने के लिए कहा उन्होंने विगत दोनों पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त करी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए । प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक के बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में अलग–अलग सामाजिक व राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी भाजपा में शामिल हुए । क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल और प्रदेश महामंत्री संगठन श्री पवन साय, लोकसभा प्रत्याशी डॉ सुश्री सरोज पांडेय, जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने सभी को गमछा प्रदान कर भाजपा में प्रवेश दिलाया।

### कोरबा में चलेगी विकास की बयार, लोकसभा में खिलेगा कमल इस बार: उद्योग मंत्री

**कोरबा** । मोदी है तो पुरे देश में प्रगति है और सरोज है तो कोरबा से विकास रोज है, उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 5 सिंधी मोहल्ले में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान अपने संबोधन में कही।

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन का धुंआधार प्रचार लगातार वार्डों में चल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा मंडल के विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा ली।

सिंधी मोहल्ले में आयोजित नुक्कड़ सभा में उन्होने कहा की मोदी जी की दूरगामी सोच का ही नतीजा है की आज कोरबा जिले से जुड़ने वाली हर सड़क फोरलेन और सिक्सलेन बन चुकी है, कुछ सड़कों मे तेजी से काम चल रहा है। कोरबा से चांपा के बीच 990 करोड़ की लागत से हाईवे मूर्तरुप ले रहा है, उरगा से बिलासपुर के बीच भी फोरलेन सड़क का काम अंतिम चरण पर है। सरोज दीदी के सांसद बन जाने के बाद जितनी भी अधोसंरचना के काम रुके हुए है वह तेजी से हो सकेंगे। मंत्री श्री देवांगन ने कहा मोदी जी हैं तो देश में प्रगति है और सरोज दीदी के आने के बाद कोरबा लोकसभा में विकास की रफ्तार रोज बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व महापौर जोगेश लांबा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमा भारती शराफ,युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद धनश्री साहू, पार्षद उर्वशी राठौर, पार्षद सुफ्ल दास, पूर्व पार्षद संजू देवी राजपूत, राधे यादव, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा प्रीती स्वर्णकार समेत अधिक संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रही कोरबा प्रवास पर कोरबा लोकसभा चुनाव को लेकर महिला मोर्चा के पदाधिकारियों से की चर्चा

**कोरबा** । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत कोरबा प्रवास पर रही, इस दौरान वह कोरबा टीपी नगर स्थित लोकसभा कार्यालय में महिला पदाधिकारियों से मुखातिब हुई, जहा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला कल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रत्येक घर की महिलओं तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओ को प्रेरित किया । वहीं महिलाओं को इस चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही वहीं कांग्रेस के द्वारा सालाना ? 1 लाख रुपए देने की घोषणा झूठा बताते हुए कांग्रेस को नौटंकी बाज सरकार का जो वादा करती है और मुखर जाती है वहीं भाजपा सरकार जो बोलता है वह करता हैस

### टीवी एक्टर के साथ बदसलूकी कर वीडियो बनाकर किया वायरल, मामला दर्ज

कोरबा । कई टीवी सीरियल में काम कर चुके एक टीवी एक्टर के साथ होली के दिन कुछ युवकों ने बदसलूकी की। साथ ही वीडियो बनाकर युवकों ने इंटरनेट मीडिया में वायरल कर लिया। पीडित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपुर वार्ड के बैगिनडभार में रहने वाले और टीवी एक्टर रहे आशीष मिश्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि होली के दिन शुभम और करण शर्मा ने जबरदस्ती उसे खींचा और उसके कपड़े फाड़ दिए। इसके साथ ही शराब की बोतल से हमला कर दिया।

लोकसभा निर्वाचन–2024

# विकासखंड तमनार की ग्रामीण महिलाओं ने रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

## एसडीएम मोर ने किया मतदान केंद्रों की समीक्षा, दिए विशेष दिशा–निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले भर में शत–प्रतिशत मतदान एवं मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड तमनार में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ग्राम देवगांव, गौरबहरी, बड़गांव, केशरचुआं, कोडकेल जैसे विभिन्न गांवों की महिलाओं ने रैली निकाल कर फ्लेक्स एवं तख्तियो में अंकित नारों के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा शत–प्रतिशत



**स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्रामीण अंचल में किया जा रहा विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रम**




मतदान के लिए मतदाता शपथ भी लिया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार के उपयोग के लिए संकल्प लिया। एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर ने पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार, उप यंत्री, तकनीकी सहायक मनरेगा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की बैठक लेकर मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए व्यवस्था के संबंध में विशेष दिशा–निर्देश दिए। सीईओ जनपद तमनार वीरेन्द्र सिह राय ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणजन एवं महिलाओं के सहयोग से नियमित रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# नगर पंचायत सरिया स्टाफ और बिलाईगढ़ के प्रशिक्षार्थियों ने ली सामूहिक मतदाता शपथ





जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर पंचायत सरिया कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी और बिलाईगढ़ बीईओ सत्यनारायण साहू के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षार्थियों ने सामूहिक मतदाता शपथ लिया। सभी ने शपथ किया कि हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# छ.ग. कलमकार मंच का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन बिलासपुर में सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-
बेमेतरा।





राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान प्राप्त राज्य स्तरीय पंजीकृत समिति छत्तीसगढ़ कलमकार मंच का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 2024 दि एमराल्ड हॉटल पुराना बस स्टैंड के निकट टेलिफ ोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर में 29 मार्च 2024 को सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के साहित्यकारों ने शिरकत की। वरिष्ठ साहित्यकार एवं हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ. आरपी टण्डन के मुख्य आतिथ्य, डॉ. पीसी लाल यादव की अध्यक्षता एवं छन्द गुरु अरुण कुमार निगम के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित यह कार्यक्रम 11:30 बजे सन्त शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से आरम्भ हुआ। प्रसिद्ध गायक दम्पत्ति हृदय प्रकाश अनन्त एवं किरण भारती के मधुर स्वर में गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों एवं कलमकारों का स्वागत पुष्पहार एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ कलमकार मञ्च के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा मंच के वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कलमकार मंच साहित्य के प्रति समर्पित सेवकों का वो समूह हैए जो साहित्य की सेवा करना अपना प्रथम कर्म एवं धर्म समझता है। अब तक 13 साझा संकलनों का प्रकाशन कर 777 कलमकारों को सम्मानपत्र एवं मेडल प्रदान किया जा चुका है। इसी कड़ी में आज 11 विशिष्ट हस्तियों और यूएसए सहित भारत के 77 कलमकारों को कलमकार साहित्य अस्मिता अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। आज 4 पुस्तकों के विमोचन के साथ विमोचित पुस्तकों की संख्या 44 हो जाएगी। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो कलमकारों के त्याग, समर्पण और सनिष्ठा से सम्भव हुआ है। छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के तत्वावधान में 11 सतनाम धामों की यात्रा पर आधारित सत्यपथ पर यात्रा संस्मरण मेरे द्वारा लिखा गया है, जो आज विमोचित हो रहा है। मंच के कामकाज के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन से भूमि आबंटन कराकर ष्कलमकार भवन के निर्माण के लिए हम कृत संकल्पित हैं। इस हेतु हमें चाहे क्यों ना सड़क की लड़ाई लड़नी पड़े।

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार अरुण कुमार निगम ने कहा कि डॉ.किशन टण्डन क्रान्ति के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच प्रगति की राह में निरन्तर अग्रसर है। मंच के सूत्र वाक्य श्सत्य.समता. सरोकारश् में दिव्य दर्शन है। डॉ. पीसी लाल यादव ने अध्यक्ष की आसन्दी से कलमकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक और अध्यक्ष के रूप में डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति ऐसे ऐतिहासिक कार्य कर रहे हैं, जो सदा याद किए जाएंगे। उनके साथ साहित्यकारों की एक समर्पित टीम है, जिनके कार्य काबिले.तारीफ हैं। मंच के संरक्षक डॉ. गोवर्धन मार्शल ने प्रेरक काव्य पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि हम जैसे कलमकारों को हाथ में कलम पकड़ाने का पूरा श्रेय विश्वरत्न महामानव डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा को जाता है। लेकिन आज अनेक चुनौतियां विद्यमान है। वर्तमान में युवकों को नशापान से दूर रहकर रचनात्मक कार्य के लिए आगे आने की जरूरत है। इस उद्बोधन के पश्चात साहित्य वाचस्पति डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को साउथ वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदत्त डी. लिट्. की मानद उपाधि प्रदान की गई।

चायकाल पश्चात प्रसिद्ध भजन गायिका भगवती टांडेश्वरी द्वारा संगीत की धुन पर मनभावन सतनाम भजन प्रस्तुत किए गए। तालियों की जोरदार गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज उठा। पश्चात हृदय प्रकाश अनन्त द्वारा गुरु घासीदास के संदेश पर आधारित डॉ.अम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण धाराओं पर आधारित ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक गीत वाद्ययंत्रों की धुन पर प्रस्तुत किए गए। वार्षिक सम्मान समारोह में तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ। इन पुस्तकों में डॉ.किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा संपादित राष्ट्रीय साझा काव्य संकलन कलम के कारनामे शामिल है। इसमें 56 कलमकारों के जीवन परिचय एवं उनकी श्रेष्ठ रचनाओं का संकलन है। इसके अलावा डॉ.किशन टण्डन क्रान्ति द्वारा लिखा गया 11 सतनाम धामों की यात्रा पर आधारित यात्रा संस्मरण सत्यपथ पर तथा काव्य संग्रह. मंथन का विमोचन भी करतल ध्वनि के बीच सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ आरपी टण्डन ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की अगुवाई में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच ने जो उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हैए ऐसी उपलब्धि कड़ी मेहनत और समर्पण से ही प्राप्त होती है। डॉ किशन ने प्रभूत परिमाण में हरफ़नमौला साहित्य सृजन कर यशस्वी रहे हैं। उनकी कहानियाँ मुंशी प्रेमचंद की कहानियों के समक्ष हैं। केवल भारत में ही नहींए बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आपकी अप्रतिम लेखनी की विशिष्ट पहचान है। आपकी कविता और कहानियां स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम में शामिल करने योग्य है तथा आपके व्यक्तित्व और कृतित्व पर पी.एचडी होना चाहिए। भोजनावकाश पश्चात डॉ. प्यारेलाल आदिले, प्राचार्य जेबीडी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा ने भारतीय संविधान एक राष्ट्रीय ग्रन्थ है, विषय पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित व्याख्यान देते हुए कहा कि डॉ.अम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बन्धुत्व का संदेश है। वे न केवल बहुजनों के बल्कि सबके एकछत्र मसीहा थे। उन्होंने गरीबों, वंचितों, पिछड़ों और सबसे बढ़कर महिलाओं के अधिकारों की चिंता की। विश्व रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के समान व्यक्ति ब्रह्माण्ड में अवतरित होना मुश्किल है। सम्मान समारोह में साहित्य एवं कला के क्षेत्र में लोकप्रिय व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया।

डॉ. रामायण प्रसाद टण्डन को राजा गुरु बालक दास साहित्य सम्राट सम्मान, डॉ. पीसी लाल यादव को लक्ष्मण मस्तुरिया साहित्य मनीषी सम्मान, अरुण कुमार निगम को ईवी रामास्वामी साहित्य क्रान्ति सम्मान, डॉ प्यारेलाल आदिले को दयाराम टंडन ज्ञान रत्न सम्मान, डॉ.मीराआर्ची चौहान को प्रथम शिक्षिका सावित्री फु ले शिक्षा ज्योति सम्मान, हरप्रसाद निडर को नकुलदेव ढीढ़ी साहित्य भास्कर सम्मान, डॉ.हृदय प्रकाश अनन्त को डॉ. भीमराव अम्बेडकर कला प्रतिभा सम्मान,भगवती टांडेश्वरी को ममतामयी मिनीमाता कला कौशल सम्मान, सशक्त हस्ताक्षर के प्रधान संपादक मनोज जायसवाल तथा गर्वित मातृभूमि राष्ट्रीय अखबार के संस्थापक एवं सम्पादक विजय कुमार देशलहरे को संयुक्त रूप से महात्मा ज्योतिबा फु ले साहित्य प्रचार सम्मान एवं जय सतनाम पंथी पार्टी कोण्डागांव को देवदास बंजारे पंथी साधक सम्मान प्रदान किए गए। इस सम्मान के तहत प्रशस्ति पट्टिका, मेडल, अंगवस्त्र एवं सम्मानपत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका यूएसए सहित भारत के 77 कलमकारों को कलमकार साहित्य अस्मिता अलंकरण 2024 प्रदान किए गए। कलमकार अलंकरण प्राप्त करने वालों में सुश्री संध्या नेताम, उषा पाटले, हंसदेव बांधड़े हंसबन्धु, नवीन कुमार कुर्रे, अभय पात्रे, मणिशंकर दिवाकर गदगद, अश्वनी कोसरे प्रेरक, बुंदराम जांगड़े, कार्तिक पुराण घृतलहरे, जुगेश बंजारे धीरज, सुरजीत क्रान्ति, डॉ. गोवर्धन मार्शल, डॉ.श्यामा कुर्रे, कामिनी पुरेना, तिलक तनौदी स्वच्छन्द, अशोक कुमार बंजारे, वेदप्रकाश खाण्डेकर, चैतराम टण्डन, राजेन्द्र कश्यप, देव मानिकपुरी, राजेश कुमार बंजारे,सुरजा खाण्डे, चतुर सिंह चंचल, गणेश महन्त नवलपुरिहा, रमेश रसिय्यार, डॉ. अभिलाषा बेहार, डॉ. अलका यादव, एसएल मात्रे, इन्द्रभान सिंह कंवर, मंजुलता मेरसा, मनीराम साहू मितान इत्यादि साहित्यकार शामिल हैं। उपस्थित सभी कलमकारों द्वारा वाह वाह के गूंजते स्वर एवं करतल ध्वनि के बीच मनभावन काव्य पाठ एवं गीत प्रस्तुत किये गए। वातावरण उल्लास मय हो उठा। हास्य व्यंग्य की रचनाओं की प्रस्तुति के समय ठहाकों की आवाजें गूंजती रही। कार्यक्रम का उम्दा संचालन विख्यात गायक कवि जुगेश बंजारे धीरज ने किया तथा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम समापन कवि नवीन कुमार कुर्रे ने किया।

## एक नजर

### बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने दरबार लगा सुनी पुलिसकर्मियों की समस्या

**कोरबा** । कोरबा अंचल में शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन में बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने परेड, हथियार सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत पुलिस लाइन में आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने दरबार लगाया। डॉ.संजीव शुक्ला को जिले के सभी थानाध्चैकियों के पुलिस कर्मियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस जवानों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन आइजी के द्वारा दिया गया।

इसके अलावा कोरबा पुलिस महकमा के हथियारों का निरीक्षण किया और पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारियों से जवाब तलब किया। आइजी के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थी ।निरीक्षण उपरांत आइजी ने पुलिस लाइन में दरबार लगाया गया। जहां पुलिस जवानों ने अपनी समस्याएं सुनाई। विभिन्न थानों के प्रभारी सहित लाइन के जवानों ने यहां सामूहिक परेड में हिस्सा लिया। वार्षिक निरिक्षण के तहत कोरबा पहुंचे आईजी को एसपी कार्यालय में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### रामपुर क्षेत्र से महंत परिवार का है गहरा नाता, हमेशा मिला है साथ : ज्योत्सना महंत

विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सघन जनसंपर्क पर पहुंचीं कांग्रेस प्रत्याशी

**कोरबा** । कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने शुक्रवार को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर सघन जनसंपर्क किया।

उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल में क्रियान्वित की गई योजनाओं और उससे लगातार मिल रहे लाभ की जानकारी दी। देश की आजादी के बाद से कांग्रेस की सरकारों ने विकास को आगे बढ़ाया। औद्योगिक उन्नति के साथ-साथ प्राथमिक स्तर की अर्थव्यवस्था, गांवों का का विकास, किसानों की समृद्धि से लेकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, युवाओं के लिये रोजगार के अवसर सृजित करने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। कांग्रेस की सरकार ने ही छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढिया अस्मिता, लोक-संस्कृति, खेल-परंपराओं को पुनर्जीवित करने का काम किया जिससे हमें अपने छत्तीसगढिया होने पर गर्व महसूस हुआ है। भाजपा की सरकार ने सत्ता में आते ही किसानों और युवाओं के लिए हितकारी योजनाओं को न सिर्फ बंद कर दिया बल्कि इन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में भी कोई कार्य नहीं किया है। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि रामपुर विधानसभा क्षेत्रवासियों से महंत परिवार का काफी गहरा नाता है। यहां के लोगों ने हमेशा साथ दिया है और महंत परिवार भी सबके सुख-दुख में हमेशा साथ रहा है। सांसद द्वारा ग्राम जमनीपाली, कुरूडीह, बुढियापाली, सोहागपुर में जनसंपर्क दौरा के दौरान कांग्रेस का हाथ मजबूत करते हुए एक बार फिर समर्थन देने की अपील की गई। जनसंपर्क के दौरान सांसद के साथ प्रमुख रूप से रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, विरेन्द्र चंदन, प्रवीण ओगरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ कोरबा ने सामान्य सभा के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**कोरबा** । लायसं क्लब ऑफ कोरबा द्वारा 28 मार्च 2024 को सामान्य सभा के साथ होली मिलन समारोह रंग गुलाल लगाकर सादगी से संपन्न हुआ, व सभी को होली की शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम जन्मदिन एवं विवाह वर्षगांठ की बधाई केक काट कर सदस्यों को दी गई। साथ ही क्लब द्वारा 23 तारिख को वाल्मिकी आश्रम में बच्चों के साथ होली कार्यक्रम लायंस क्लब बालको द्वारा आयोजित किया गया जिसमें लायंस क्लब कोरबा ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, क्लब द्वारा वहां गुपचुप चाट का स्टाल लगाया गया। साथ ही लायन भगवती अग्रवाल द्वारा सभी बच्चों को गुलाल का पैकेट प्रदान किया। अंत में स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। व स्वर्गीय लायन साथियों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष लायन मीना सिंह, कोषाध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन दीपक माखीजा, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन कामायनी दुबे, लायन राजेन्द्र डागा, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), लायन संतोष खरे, लायन रोहित राजवाड़े, लायन शहनाज शेख, लायन अमरेश सिंघानिया, लायन मनमोहन यादव, लायन रमेश शर्मा, लायन राकेश अग्रवाल, लायन अणिमा प्रसाद, लायन सुमन सोनी, लायन अरविंद साहू, एवं अन्य सभी लायन सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# रंग पंचमी में पार्थिव अघरिया महिला फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-
रायगढ़।




पार्थिव अघरिया महिला फाउंडेशन के तत्वाधान में श्रंग पंचमी के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। फ ाउंडेशन की अध्यक्ष सावित्री पटेल ने जानकारी देते हुए बताया आयोजन का उद्देश्य अघरिया समाज से जुड़ी महिलाओ में एकजुटता वैचारिक सामंजस्य के जरिए महिलाओं को सशक्त एवम आत्मनिर्भर बनाना है। आयोजन के दौरान विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम रखे गए थे। फाउंडेशन से जुड़े महिला सदस्यों ने आपस में फू लों की होली खेली। भजन संगीत ने इस आयोजन को उत्सव में बदल दिया। यह समारोह महिलाओं के जीवन में आशा उत्साह का संचार करने में सफ ल रहा। आयोजन के दौरान स्वनिर्मित स्वास्थ्य वर्धक व्यंजनो की व्यवस्था की गई थी ताकि महिलाओ में कुकिंग का गुण विकसित हो सके। आयोजन के दौरान पार्थिव अघरिया महिला फ ाउंडेशन की अध्यक्ष सावित्री पटेल नमिता पटेल, आकांक्षा पटेल, कुंती पटेल, अनुपमा पटेल, सत्या पटेल, उत्तरा पटेल, उर्मिला पटेल, पुष्पा पटेल, पद्मिनी नायक, कमला पटेल, प्रीति पटेल, आरती पटेल, साक्षी पटेल, शुशीला पटेल,रूपा पटेल, रुक्मणि पटेल, जयंती पटेल और गुलाब पटेल सहित बहुत से महिलाएं मौजूद रही सभी ने एक जुटता का संकल्प लेते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों एकत्र होने का वादा किया। सफ ल आयोजन हेतु महिला सदस्यो ने एक दुसरे को बधाई भी दी।

लोकसभा निर्वाचन 2024

# मतदाता जागरूकता के लिए निकली गई सायकल रैली

छात्राओं एवं समूह की महिलाओं ने उत्साह से की सहभागिता

जोहार छत्तीसगढ़-
बलौदाबाजार।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर केएल चौहान के मार्गदर्शन तथा स्वीप के जिला नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में अगामी लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मतदाताओ को जागरूक करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से विकासखण्ड स्तरीय सायकल रैली का आयोजन किया गया। सायकल रैली में स्कूली छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उत्साह के साथ शामिल हुई। स्वीप के नोडल अधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाने कहा। इसके साथ ही अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को भी मतदान करने प्रेरित करने कहा गया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ जनपद मुख्यालय के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं जागरूक करने स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में लगातार किया जा रहा है।

## ट्रांसपोर्ट ठेके को लेकर आबकारी मुख्यालय में दौड़ा दौड़ाकर मारपीट, रिपोर्ट नहीं



**रायपुर।** लभांडी स्थित आबकारी मुख्यालय में ठेकेदारों के बीच शुक्रवार शाम मारपीट की खबर है। शराब ट्रांसपोर्टिंग के लिए टेंडर के दौरान दो पुराने ट्रांसपोर्टरों के बीच जमकर मारपीट हुई। यह मारपीट ट्रांसपोर्ट ठेकेदार रणधीर सिंह और दिनेश अग्रवाल के बीच होने की जानकारी मिल रही है ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले दफ्तर के बाहर मारपीट हुई। इसके बाद एक ठेकेदार जान बचाने दफ्तर के भीतर घुसा तो वहां जाकर भी हाथापाई हुई। इसके बाद पूरे दफ्तर में दहशत बना रहा। हालांकि इस संघर्ष में किसी भी अधिकारी कर्मचारी को टच भी नहीं किया गया। इसकी जानकारी आबकारी सचिव श्रीमती संगीता को भी दी गई गई । दोनों में किसी भी पक्ष और न आबकारी विभाग की तरफ से भी किसी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। बताया गया कि ट्रांसपोर्टिंग के ठेके को लेकर बीते पखवाड़े भर से टसल चल रही थी। विभाग और आबकारी निगम ने प्रदेश को 15 जोन में बांटकर शराब परिवहन के लिए ट्रांसपोर्टर से आफर मंगाए थे। एक करोड़ के टर्न ओवर वाले ट्रांसपोर्टर आफर दे सकते थे। इसमें 52 अन्य के अलावा अग्रवाल और सिंह ने भी रेट आफर दिया था। वहीं कुछ भाजपा नेताओं ने भी रेट आफर दिया था। लेकिन बड़े हस्तक्षेप के बाद इन्होंने नाम वापस लिए।

सिंह ,अग्रवाल दोनों पिछले 4-5 वर्ष से विभाग में काम कर रहे हैं । ये दोनों शराब घोटाले के आरोपी अनवर ढेबर के करीबी बताए जा रहे हैं। और मूलत बिहार के ट्रांसपोर्टर हैं। अपनी ट्रकों के अलावा कुछ किराए पर लेकर यह काम करते रहे हैं। पूरा झगड़ा परिवहन दर को लेकर बताया गया है । विभाग ने इस बार अंग्रेजी शराब की बोतलों से भरे प्रति कार्टून परिवहन की दर पिछली सरकार के 25 रूपए को घटाकर 13 रूपए कर दिया था।

# सुपेबेडा में मौत का तांडव जारी, किडनी रोग से फिर एक ग्रामीण की मौत

सुविधाएं और पैसे की तंगी ने अब तक छीन ली 141 लोगों की जिंदगी

जोहार छत्तीसगढ़-
गरियाबंद।




सुपेबेडा का नाम जेहन पर आते ही आंखों के सामने मौत के तांडव की तस्वीर दिखाई देती है। गांव में आये दिन मौत पर सन्नाटा छा जाता है कोई पिता कोई मां तो कोई बेटा को खोकर बिलखते दिखते हैं।

किडनी रोग मानो गांव के लिये यमराज बनकर खड़ा है जो एक के बाद एक को निगल रहा है बीते शुक्रवार को नवीन सोनवानी की मौत भी इसी किडनी रोग से हो गया गांव में अब तक किडनी प्रभावित रोग से मरने वालो काआंकड़ा 141 पर पहुंच गया है। किडनी रोग के प्रभावी मौत से गांव सहम गया है लोगों में डर सा समा गया है किडनी रोग से कब किसकी मौत हो जाये।

### आखिर इलाज के लिए पैसे कहां से आता अभाव में नवीन लौट आया घर

मृतक नवीन सोनवानी वर्ष 2017 में किडनी रोग का शिकार हुआ धीरे-धीरे रोग बढ़ता चला गया हालत बिगड़ी तो परिजन ने दो माह पहले एम्स में भर्ती कराया इन दो महिने में 11 बार डायलिसिस हुआ। जिसमें 90 हजार रूपये से अधिक खर्च हो गये इसके लिये बेटा सत्यवान ने कर्ज लिया कर्ज ना चुका पाने से दुबारा कर्ज नहीं मिला पैसे के अभाव में 14 मार्च को गांव लौटना पड़ा जहां कुछ दिन बाद नवीन को सुविधा और पैसे के अभाव में जिंदगी को हारना पड़ा।

### सरकारें बदली गांव की तस्वीर जस के तस वही मौत का तांडव वही बिलखता परिवार

तीन बार भाजपा एक बार कांग्रेस, सरकारें बदली, राज्यपाल से लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने दौरा किया मगर हालात जस के तस है वही मौत का तांडव वही बिलखता परिवार तेल नदी से साफ पानी देने की कवायद को पांच साल हो गये इन्हीं समय में मौत का आंकड़ा 141 पार कर गया ना प्रोजेक्ट पूरा हुआ और ना सुपेबेडा को साफ पानी मिल सका।

### इलाज के नाम केवल डायलिसिस की सुविधा ही मिलता है

*मृतक नवीन सोनवानी के बेटे सत्यवान ने सरकारी इलाज को लेकर बड़ी बात कही है उसने कहा सम्पूर्ण इलाज मिलता तो वापस ना आते सरकारी इलाज के नाम पर केवल डायलिसिस सुविधा ही मिलता है कुछ दवा और ब्लड की व्यवस्था खुद को करनी पड़ती है और मरीज के पास एक से ज्यादा अटेंडर हुये तो उनका खर्च भी खुद वहन करना पड़ता है जिससे रोगी के परिजन का काफी पैसा चला जाता है।*

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ), धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
ई कोर्ट क्रमांक /अ-02/2022-23
साकिन- मिरीगुड़ा, प.ह.नं. 10,
तहसील कापू

एतद् द्वारा सर्व साधारण नागरिक, ग्राम- मिरीगुड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुणेसागर यादव पिता अर्जुन यादव, जाति- महकुल, निवासी ग्राम मिरीगुड़ा. तहसील - धरमजयगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 172 छ.ग. भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत् ग्राम मिरीगुड़ा, प.ह.नं. 10, रा.नि.म. खम्हार, तहसील- कापू, जिला- रायगढ़ (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं0 558/9/य शामिल नं. 560/1/95/24 रकबा 1.8210 हे0 भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन (दूकान सह गोदाम निर्माण) हेतु दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन आदेश पारित कर पुर्निधारण हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित करने हेतु अनुमति दिये जाने में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार / व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति / दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.03.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) धरमजयगढ़**

# वन तस्कर चुस्त विभागीय अधिकार सुस्त, धरमजयगढ़ रेंज में सागौन तस्करों के हौसले बुलंद

## कोईलार बीट का मामला तस्करों ने दर्जनों सागौन पेड़ों की चढ़ा दी बली

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सरकार जहां पौधारोपण को संरक्षण दे रही हैं। पौधारोपण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर धरमजयगढ़ रेंज के अंतर्गत कोईलार बीट में प्रतिबंधित सागौन पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

धरमजयगढ़ में पेड़ कटाई के मामला हर दिन उजागर हो रहे हैं कभी बोरो रेंज में पेड़ कटाई के मामले सामने आता हैं तो कभी धरमजयगढ़ रेंज में। कुछ दिनों पहले ही धरमजयगढ़ रेंज से पेड़ कटाई का मामला सामने आया था जिसके बाद आज फिर एक नया मामला धरमजयगढ़ रेंज से ही सामने आया है। यह मामला कोईलार बीट का है। इस बीट में वन तस्करों द्वारा भारी मात्रा में सागौन पेड़ों की तस्करी कर रहे हैं। जिस जगह से तस्करों द्वारा सागौन की तस्करी कर रहे हैं वह जगह मुख्य मार्ग और गांव से सटा हुआ है। वन रक्षक अगर चाहे तो आसानी से तस्करों पर कार्यवाही कर सकते हैं। लेकिन विड़बना है कि वन रक्षक को वन से कोई सारोकार है ही नहीं जिसका नतीजा है कि तस्करों द्वारा मुख्य मार्ग के किनारे से ही हर रोज सागौन की तस्करी कर रहे हैं। तस्करों द्वारा कुछ दूरी को छोड़ बीच-बीच में पेड़ों को काटा गया है, ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि किसी को शक ना हो।



*"क्षेत्र में तस्करों द्वारा सागौन की तस्करी के संबंध में डिप्टी रेंज से बात कि तो उन्होंने बताया कि मैं अभी नया हूं मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मेरा फोन भी वनरक्षक रिसिव नहीं करता है।*

*- अशवनी दुबे डिप्टी रेंजर*

*उप वनमंडल अधिकारी को हमारे द्वारा सागौन की कटाई की फोटो वीडियों दिखाने पर उन्होंने बताया कि मैं इसकी जांच करवाता हूं।*

*- बालगोविन्द साहू उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़*

### वन विभाग ने बनाया था सागौन का प्लांटेशन

धरमजयगढ़ वन विभाग द्वारा लाखों रूपये खर्च कर वर्षों पहले इस जगह पर सागौन का प्लांटेशन लगाया था। लाखों खर्च करके वन विभाग तो सागौन का पौधा लगाया लेकिन उसकी सही देख रेख नहीं हुआ, गांव वालों ने बातया कि सही देखरेख का आभाव और रोपण का काम अच्छे से नहीं होने के कारण कई पौधे उसी समय मर गए थे। बचे हुए पौधे जैसे-जैसे बड़े होते गए वैसे ही तस्करों की नजर इनपर पड़ती गई। और देखते-देखते दर्जनों सागौन के पेड़ गायब होते चले गए और वहा सिर्फ उनके अवशेष बचे रह गए। ग्रामीणा ने बताया कि वन रक्षक व वन विभाग के किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को जंगल से कोई लेना देना नहीं है इनको तो बस शासन की वेतन से मतलब है।

## एक नजर

### सीआरपीएफ जवानों से भरी एंबुलेंस पलटी, 11 जवान समेत 1 ड्राइवर घायल



**जगदलपुर.** बस्तर के रतेंगा में सीआरपीएफ जवानों से भरी एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. ये सभी जवान चुनावी ड्यूटी में कोंडागांव जा रहे थे. इस हादसे में 11 जवान और ड्राइवर घायल हुए हैं. ये सभी जवान 188 बटालियन के हैं. जवानों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा भेजा गया है. सभी जवान पुस्पाल कैम्प से रवाना हुए थे. रतेंगा अंधा मोड़ पर एम्बुलेंस रोड से नीचे उतरने से पलट गई. हादसे में घायल 7 जवानों को डिमरापाल मेडिलकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है. फिलहाल सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं.

### भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय के घर में घुसा चोर, ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने दौड़ाया तो उल्टे पांव भागा




**कवर्धा.** राजनांदगांव लोकासभा से भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान सांसद संतोष पांडेय के घर में बीती रात चोरी का प्रयास किया गया. इस दौरान ड्यूटी पर तैनात जवान ने चोरों को चोरी करने से रोका और उसे पकड़ने के लिए पीछे भागा. हालांकि चोर जवान को चकमा देकर फरार हो गया. जानकारी के मुताबिक थोड़ी दूर में चोर के साथी घात लगाए बैठे थे. ड्यूटी में तैनात जवान ने दौड़ाया तो चोर चोरी के सामानों को छोड़कर भागे. ये पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है. मामला सिटी कोतवाली के शिवजी नगर का है.

# गुड़ फैक्ट्री के संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

गन्ना पेराई मशीन में फंसने से मजदूर की हुई थी मौत



**कवर्धा.** नारायणी गुड़ उद्योग के संचालक दिलीप अग्रवाल के खिलाफ आखिरकार डेढ़ माह बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. बता दें कि गुड़ फैक्ट्री में मजदूर संतोष मरकाम की गन्ने पेराई मशीन में फंसने से मौत हो गई थी. इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 304 (ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है. वहीं गुड़ फैक्ट्री के संचालक पर कार्रवाई होने से गुड़ उद्योगों के संचालकों में हड़कंप मच गया है. दरअसल थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम लिमो में नारायणी गुड़ फैक्ट्री संचालित है. इस गुड़ फैक्ट्री में 8 फरवरी को संतोष मरकाम नामक मजदूर काम करता था. उसकी गन्ना पेराई के दौरान मशीन में फंसने से मौत हो गई थी. घटना के बाद पुलिस लगातर मामले की जांच कर रही थी. जांच में पाया गया कि गुड़ फैक्ट्री के संचालक द्वारा मजदूरों को किसी भी प्रकार से सेफ्टी मुहैया नहीं कराई गई थी, जिसकी वजह से मजदूर की गन्ना पेराई के दौरान मौत हो गई थी.

जांच के बाद पुलिस ने गुड़ फैक्ट्री के संचालक दिलीप अग्रवाल पर लापरवाही बरतने और गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है. बता दें कि जिले में 300 से अधिक गुड़ फैक्ट्री संचालित है. सभी गुड़ उद्योगों में मजदूर जान जोखिम में डालकर कार्य कर रहे हैं. किसी भी गुड़ उद्योगों में मजदूरों को सेफ्टी मुहैया नहीं कराई जाती. इसके चलते ज्यादातर गुड़ फैक्ट्री में मजदूरों के साथ गन्ने पेराई के दौरान घटना घटती है और जान भी चली जाती है. पिछले तीन माह में अब तक जिले में गुड़ फैक्ट्रियों में 3 मजदूरों की जान जा चुकी है. हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के चलते फैक्टरी संचालकों में हड़कंप मच गया है.

# शराब नक्सली और बदमाशी पर दो राज्यों के पुलिस रखेगी संयुक्त नजर

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

चुनाव आदर्श आचार संहिता के लगते ही ओडिशा और छग राज्य के सीमाओं में निगरानी दलों की तैनाती कर दी गयी है वही आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है। 13 अप्रैल को ओडिशा में विस और लोकसभा दोनों मतदान एक साथ है वहीं छग में 26 अप्रैल को लोकसभा का मतदान है लिहाजा दोनों को राज्यों में चुनाव को प्रभावित करने वाले कई गतिविधियों की आशंका है वहां पहले भी राज्य की सीमाओं में मादक द्रव्यों की तस्करी देखी गयी है इन आशंकाओं के चलते गरियाबंद मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बाजीलाल सिंह और कालाहाण्डी धर्मगढ अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज बेहेरा ने सीमावर्ती थाना के प्रभारीयों की बैठक लेकर सभी सीमा पर कडी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

### बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुयी चर्चा

दोनों राज्य के अनुभाग स्तर के पुलिस विभाग के बैठक में जहां शराब नक्सली और बदमाशी की संभावित गतिविधियों पर बिन्दुबार चर्चा हुयी वहीं इससे निपटने रणनीति के साथ-साथ आपस के सुचना आदान प्रदान करने वाटसाप ग्रुप बनाई गयी है। साथ ही सीमावर्ती शराब दुकानों को चुनाव तक बंद रखवाने पर भी चर्चा की गयी।

### ओडिशा का शराब छग से सस्ती इसलिये तस्करी की संभावना अधिक






शराब के दर को लेकर छग और ओडिशा में 20 से 25 फीसदी का अंतर होता है और ओडिशा के डबल घोड़ा, मछली,मकड़ा,जेबरा छाप पाऊच केमिकल युक्त शराब का छग के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रचलन भी ज्यादा है इतना ही नहीं अंग्रेजी शराब की बात करें तो विभिन्न ब्रांड उपलब्ध हो जाता है देवभोग के पश्चिमी भाग को छोड़कर बाकि के तीनों दिशा ओडिशा के तीन जिलों के 6 से 10 किमी मु ही सीमा को छुता है जिसके कारण अवैध शराब के प्रवेश की सम्भावना अधिक है।

**छग में लोकसभा और ओडिशा में लोकसभा व विस चुनाव को लेकर पुलिस विभाग कर रही बड़ी तैयारी**

### जाल की तरह फैले कच्चे रास्ते दोनों राज्यों के पुलिस के लिये बड़ी चुनौती

*देवभोग थाना क्षेत्र के तीनों दिशा की ओर ओडिशा सीमा को जोड़ने पक्के सड़क तो है पर इन सीमाओं में जाल की तरह कच्चे सड़क भी है। सीमा के मेन रोड पर निर्वाचन आयोग ने भी अपना निगरानी दल को वाहन जांच पर लगाया है पर कच्चे सड़क अब भी खुला छोड़ दिया गया है जहां से शराब और अन्य अवैध कारोबार आसानी से हो सकते हैं ऐसे में पुलिस प्रशासन को ये कच्ची सड़के बड़ी चुनौती है।*

# निष्टीगुडा में धर्म सभा के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय सोलह प्रहरी नाम यज्ञ

## गांव ने समरता का परिचय दिया भक्ति में डुबे सभी लोग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

धर्म नगरी के नाम से क्षेत्र में अपना प्रसिद्धी स्थापित करने वाले ब्लाक के निष्टीगुडा गांव में पिछले तीन दिन से चल रहे सोलह प्रहरी नाम यज्ञ का कल धर्म सभा के बाद समापन हो गया।

प्रतिवर्ष की भांति आयोजित इस संकीर्तन नामयज्ञ में इस साल श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गयी वहीं इस आयोजन में आसपास और दूरदराज के लोग पहुंचे थे। 26 मार्च को कलश यात्रा के साथ सम्पन्न हुये नामयज्ञ में 27और 28 मार्च को संकीर्तन मण्डलीयों ने कृष्ण और राम के पवित्र मंत्र को गायन और नृत्य के जरिये निरंतर गाया तो वहीं निष्टीगुडा के हेजुराम साहू और उनकी पत्नी गजमनी कर्ता थे और ओडिशा पाटखलिया हल्दी के प्रदीप दास पूजक के रूप में यज्ञ में उपस्थित रहे।

### गांव के सभी परिवार से सहयोग मिला तो करचिया के लोगों ने दिया एक दिन का भण्डारा


निष्टीगुडा के सोलह प्रहरी नाम यज्ञ में गांव के प्रत्येक वर्ग से धन संग्रहण कर गांव वालों ने भव्य आयोजन किया तो वहीं करचिया के लोगों ने मिलकर एक दिन का भण्डारे का आयोजन करवाया। आयोजन को भव्य करने गांव के प्रत्येक वर्ग के युवा सभी आयु के ग्रामीण महिने भर से इसकी तैयारी में जुटे थे।

### दस संकीर्तन दल जिन्होंने यज्ञ में नाम को टुटने ना दिया





निष्टीगुडा के नाम यज्ञ में ओडिशा छग को मिला कर कुल दस संकीर्तन दलों ने हिस्सा लिया जिसमें बलांगीर के देवगांव की ज्योत्स्नामयी दीक्षित,चंदनभाटी के सुनिता साहु, तामीमुडा की शैरेन्द्री जाल वाली दल सहित धुवलपडा,पटनागढ़, सरिया,रायगढ़,रावनगुडा,कालाहांडी, देवभोग, कांडेकेला, मोटरापारा,परेवापाली के संकीर्तन दलों ने हिस्सा लिया।





### आयोजन समिति का सफल प्रयास एक दिन में तीस हजार लोगों को प्रसाद सेवन का लाभ

*सोलह प्रहरी नाम यज्ञ निष्टीगुडा में बीते 30 वर्षो से चल रहा है इस बार उमड़ते भीड़ को देख आयोजन समिति ने भण्डारे में प्रसादी वितरण की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की थी तीन दिन तक चलने वाले यज्ञ में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं ने आयोजक समिति और गांव वालों की जमकर तारीफ की।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in